आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 148- ● जबलपुर ● बुधवार, 29 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## बर्बर हत्याकांड के बाद उदयपुर में तनाव

**उदयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की चर्चा पूरे देश में है। जिस तरह से इस घटनाक्रम को अंजाम दिया गया, उस बर्बरता के खिलाफ गुस्सा है। पूरा मामला साम्प्रदायिक है, क्योंकि कन्हैयालाल ने नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन किया था और उसके बदले में रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद ने पहले धमकी दी और अब हत्या कर दी। दोनों आरोपियों को वारदात के कुछ घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पूरे राजस्थान में धारा 144 है। उदयपुर और आसपास के जिलों में इंटरनेट बंद है। उदयपुर के 7 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू है। केंद्र सरकार ने एनआईए को जांच सौप दी है। इस बीच, सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद का संबंध दावत-ए-इस्लामी नाम के संगठन से रहा है। यह संगठन 100 से ज्यादा देशों में सक्रिय है और इस्लाम के प्रचार-प्रसार के लिए कई तरह के ऑनलाइन कोर्स

## इंटरनेट बंद,धारा 144, सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू



# दावत-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े हैं टेलर के हत्यारे

भी चला रहा है। इससे पहले भारत में इस इस्लामी संगठन पर धर्मांतरण के भी आरोप लग चुके हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि इस संगठन द्वारा जगह-जगह पर दान पेटियां रखी जाती हैं। आरोप है इनके माध्यम से आने वाले धन को गलत गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। हत्या के बाद दोनों आरोपी अजमेर दरगाह जियारत के लिए जाने वाले थे। इस बीच, कन्हैयालाल का पोस्टमार्टम हो चुका है। अंतिम संस्कार किया हो गया है। हालांकि अंतिम संस्कार को लेकर पुलिस और परिजन के बीच विवाद हुआ। पुलिस का कहना था कि अंतिम संस्कार घर के पास ही कर दिया जाए, जबकि परिवार और समाज के लोग श्मशान में अंतिम संस्कार की मांग पर अड़ गए थे। बाद में पुलिस ने श्मशान घाट पर अंत्येष्टी की मंजूरी दे दी। अशोक नगर मुक्तिधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। हजारों लोगों की भीड़ के बीच मृतक कन्हैयालाल ने कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आरोपी पहले भी दुकान पर आते थे लेकिन कोई खास जानपहचान नहीं थी। उन्होंने बताया कि पति ने उन्हें बताया था कि उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। कन्हैयालाल की पत्नी ने आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग की।

### उन्हें भी काट डालो, जान के बदले चाहिए जान, गमगीन घरवालों का आक्रोश

राजस्थान के उदयपुर में दिनदहाड़े मारे गए कन्हैयालाल नामक शख्स का शव जब घर पहुंचा तो गमगीन माहौल के बीच घरवालों का आक्रोश भी फूट पड़ा। आंसुओं के बीच घर की महिलाओं ने आरोपियों को सजा-ए-मौत देने की मांग की। मृतक कन्हैयालाल की बहन ने रोते हुए कहा कि जैसे मेरे भाई को काटा गया है, वैसे ही हत्यारों को भी काटो। वहीं परिवार की अन्य महिलाओं ने कहा कि उन्हें जान के बदले जान चाहिए।

## मध्य प्रदेश में हाई अलर्ट

**भोपाल,यशभारत।** राजस्थान के उदयपुर में भाजपा से निष्कासित नुपुर शर्मा का समर्थन करने पर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा युवक कन्हैयालाल की हत्या को लेकर मध्य प्रदेश में पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश में शांति का माहौल है, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के कारण राजस्थान का तालिबानीकरण हो रहा है।गृह मंत्री ने कहा कि उदयपुर की घटना दरिंगदी की पराकाष्ठा है। आइएसआइएस की तरह निर्दोष की हत्या करना बताता है कि कश्मीर, केरल, बंगाल के बाद अब राजस्थान भी कट्टरपंथियों का गढ़ बनता जा रहा है। राजस्थान सरकार दशहतगर्दों से निपटने में विफल हो रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है।

## संक्षिप्त न्यूज

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा कोरोना पॉजिटिव चुनावी दौरे स्थगित

**भोपाल,यशभारत।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। बुखार, सर्दी और खांसी के लक्षण मिलने के बाद उन्होंने



मंगलवार की सुबह संक्रमण की जांच के लिए सैंपल दिए। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। देर रात ट्वीट करके उन्होंने यह जानकारी दी। वे घर पर ही क्वारैंटाइन हैं। शर्मा ने सभी सहयोगियों व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि जो भी पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में आए हैं, वे बतौर सुरक्षा अपनी कोरोना जांच करवा लें। कोरोना पॉजिटिव होने के कारण उनके आगामी कुछ दिनों के चुनावी दौरे स्थगित कर दिए गए हैं।

### चार साल के बच्चे को हुआ मोतियाबिंद



### हमीदिया में डाक्टरों ने सर्जरी कर निकाल

**भोपाल, यशभारत।** आंख में मुनगा की फली गिरने से तीन महीने के एक बच्चे का कार्निया फट गया था। धीरे-धीरे उस जगह पर मोतियाबिंद बन गया। उसे इस आंख से दिखता भी नहीं था। करीब चार साल बाद हमीदिया अस्पताल के नेत्र विभाग के चिकित्सकों ने मंगलवार को बच्चे के मोतियाबिंद की सर्जरी की। संयोग से इसी दिन बच्चे का जन्मदिन भी था। डाक्टरों ने केक काटकर बच्चे का जन्मदिन मनाया। डाक्टरों की इस सहृदयता से बच्चे के परिवार के लोग खुश हो गए।

## उद्धव सरकार का सबसे बड़ा इम्तिहान कल

# साबित करना होगा बहुमत

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र का सियासी घमासान धीरे-धीरे ही सही फाइनल परिणाम तक पहुंच रहा है। अब तक का सबसे बड़ा घटनाक्रम बीती रात हुआ, जब दिल्ली से लौटकर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सीधे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिले। फडणवीस के साथ अन्य भाजपा नेता भी थे। सभी ने मांग की कि उद्धव सरकार अल्पमत में है इसके लिए 30 जून को महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर फ्लोर टेस्ट करवाया जाए। यदि राज्यपाल इस मांग को मान लेते हैं तो 30 जून को तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। अब सभी की नजर राज्यपाल पर है। खबर यह भी है कि भाजपा के इस कदम के बाद अब गुवाहाटी में बैठे बागी विधायक मुंबई लौट सकते हैं। उनकी सुरक्षा चुनौती होगी। गुवाहाटी में जमे विद्रोही गुट के नेता एकनाथ शिंदे ने 50 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। शिंदे ने कहा कि वे लोग जल्द ही मुंबई लौटेंगे और बालासाहब ठाकरे



### शिवसेना सुको पहुंची, सुनवाई शाम 5 बजे

शिवसेना आज सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई और कोर्ट ने भी अर्जी मान ली। सुनवाई आज ही शाम 5 बजे होगी। उससे पहले भाजपा आज शाम अपने विधायकों की बैठक करेगी। ताकि कल के तय फ्लोर टेस्ट की तैयारी कर सके। अभी और भी बहुत से आज-कल आने बाकी हैं।

की विरासत को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि विधायकों में कोई मतभेद नहीं है। सभी अपनी मर्जी से उनके साथ आए हैं, और खुश हैं। फडणवीस के राजभवन पहुंचने पर कांग्रेस हमलावर हो गई। पार्टी नेता सचिन सावंत ने कहा- एकनाथ शिंदे के पीछे की महाशक्ति सामने आ गई है। दरअसल, गुवाहाटी के होटल में 24 जून को शिंदे ने बागी विधायकों को कहा था कि हमारे साथ महाशक्ति है, उद्धव सरकार गिर जाएगी।

### शिंदे के समर्थन पर ठाणे के दो नेता पार्टी से निकाले गए

एकनाथ शिंदे का समर्थन करने पर ठाणे में शिवसेना के दो नेताओं को पार्टी से निकाल दिया गया है। इनमें ठाणे की पूर्व मेयर व शिवसेना की जिला समन्वयक मीनाक्षी शिंदे और एक अन्य पूर्व मेयर नरेश महास्के शामिल हैं। शिवेसना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।शिंदे बुधवार को रेडिसन ब्लू होटल से कामाख्या मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सभी बागी विधायक मौजूद थे।मदिर में शिंदे ने आरती में हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की।दर्शन के बाद शिंदे ने कहा कि वह कल महाराष्ट्र विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट के लिए आज ही मुंबई रवाना होंगे। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी फ्लोर टेस्ट के लिए अधिकारिक तौर पर आदेश जारी कर दिए हैं।



## बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से 16 लोगों की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मॉनसूनी सीजन के दौरान आसमान से आफत बरस रही है। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई है। एक आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पूर्वी चंपारण जिले में 4, भोजपुर और शरण में तीन-तीन, पश्चिमी चंपारण और अररिया में दो-दो और बांका और मुजफ्फरपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। सीएम नीतीश ने जताया दुख मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक पीड़ित के परिवारों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। इसके अलावा नीतीश कुमार ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि घर पर रहें और खराब मौसम में सुरक्षित रहें। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले 20 जून को राज्य भर में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी।

## महाराष्ट्र के पालघर केमिकल प्लांट में भीषण आग

### 10 धमाके सुने गए, कई किमी तक दिखी आग

**पालघर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में तारापुर में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। घटना मंगलवार रात की है, जब महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन प्लांट में एक के बाद एक 10 से 12 धमाके हुए। धमाके के बाद आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही हैं।



अधिकारी के मुताबिक आग पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है।आग इतनी भयंकर है कि इसकी लपटें कई किलोमीटर तक दिखाई दे रही थीं। प्लांट में आग लगने की वजह से इलाके केमिकल धुआं फैल गया, जिसकी वजह से वहां के लोगों को सांस लेने में मुश्किल हो रही हैं। हालांकि आग किस वजह से लगी इसके कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

# विवाहित पुत्री भी अनुकंपा नियुक्ति की हकदारः हाईकोर्ट

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में दायर याचिका श्रीमती सुधा मिश्रा विरुद्ध अन्य में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की न्यायाधीश नंदिता दुबे ने यह आदेश पारित किया कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसकी विवाहित पुत्री भी हकदार है उसे भी उसका हक मिलना चाहिए। आवेदक का पक्ष एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी द्वारा रखते हुए यह बताया गया कि आवेदिका श्रीमती सुधा मिश्रा जिनके पिता स्वर्गीय बृज लाल पांडे जिनकी मृत्यु 13-5-2019 को हो गई थी जो कि सहायक शिक्षक के पद पर प्राथमिक शाला सतना में कार्यरत थे। आवेदिका ने पिता की मृत्यु के पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था जिसको संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग ने निरस्त कर दिया था । इसके पश्चात आवेदिका ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करते हुए यह बताया था कि मध्य प्रदेश शासन के प्रपत्र 29 सितंबर 2014 की कंडिका 2(2. 4 )के परिपेक्ष में श्रीमती सुधा मिश्रा अनुकंपा नियुक्ति का प्रकरण अमान्य कर दिया गया है उस पर माननीय न्यायालय ने मीनाक्षी दुबे विरुद्ध पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के आदेश के तहत याचिकाकर्ता की याचिका स्वीकार करते हुए आवेदक गणों को आदेशित किया है कि आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर पुन: विचार कर उसे न्याय प्रदान करें। आवेदिका का पक्ष न्यायालय के समक्ष एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी ने रखा ।



### शुरू हुई बाबा अमरनाथ की यात्रा श्रद्धालुओं का पहला जत्था हुआ रवाना



**श्रीनगर ,एजेंसी।** बहुप्रतीक्षित बाबा अमरनाथ की यात्रा शुरू हो गई है और इस यात्रा का पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। भारी संख्या में श्रद्धालु इस बार बाबा अमरनाथ की यात्रा पर पहुंचे हैं। जम्मू के शिविर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा के पहले जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूजा अर्चना भी की गई। बम-बम भोले और जय बाबा बर्फानी जैसे जयकारों के बीच श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा।दरअसल, अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्री निवास भवन जम्मू से झंडी दिखाकर रवाना किया।

### गलती से खाते में पहुंच गई 286 महीने की सैलरी, नौकरी छोड़कर गायब हो गया शख्स

**नई दिल्ली एजेंसी ।** सोचिए कि किसी शख्स के खाते में एक महीने के काम के बदले 286 महीने की सैलरी आ जाए तो यह बहुत चौंकाने वाला मामला होगा। ऐसा एक मामला सामने आया है जहां एक शख्स के खाते में अचानक इतने पैसे आ गए कि उसे यकीन ही नहीं हुआ। इसके बाद वह हुआ जिसे शायद किसी ने सोचा नहीं होगा।दरअसल, यह घटना चिली की है। फार्च्यून डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक चिली की एक कंपनी के एक कर्मचारी के खाते में पिछले महीने गलती से एक साथ 286 महीने की सैलरी क्रेडिट कर दी गई। जब उसे शख्स ने अपना खाता चेक किया तो उसे एक बार यकीन नहीं हुआ लेकिन जब उसने देखा तो पाया कि सच में उसकी सैलरी में इतने पैसे आ गए हैं कि वह एक महीने की सैलरी से 286 गुना ज्यादा है। उधर जैसे ही इस बात की जानकारी कंपनी को लगी उसे अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने कर्मचारी से संपर्क किया और उसे दफ्तर बुलाया गया। जब उस कर्मचारी से पैसे लौटाने को कहा गया तो उसने कंपनी से वादा किया कि वह जल्द पैसे लौटा देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसने पैसे लौटाने की बात पर हामी तो भरी लेकिन शायद उसे इतना लालच आ गया कि उसने चुपके से एक निर्णय ले लिया।

## बीजापुर में नक्सलियों ने की सरपंच की हत्या

### मुखबिरी के शक में घर से उठाकर ले गए और गला रेतकर मार डाला

**बीजापुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की कायरना करतूत फिर सामने आई है। माओवादियों ने एक नक्सल प्रभावित गांव के सरपंच की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी की शंका में वारदात को अंजाम दिया है। दर्जनभर सशस्त्र माओवादी आधी रात को गांव आए थे और सरपंच को घर से उठाकर जंगल लेकर चले गए। सरपंच की हत्या कर माओवादी चले गए। घटना जिले के तोयनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के मोरमेड गांव में मंगलवार-बुधवार की रात दर्जनभर नक्सली आ धमके। माओवादी सरपंच पतिराम कुडियम के घर पहुंचे। उस समय पतिराम घर पर सो रहा था। नक्सलियों ने सरपंच को अपने साथ चलने को कहा। परिजनों ने पतिराम कुड़ियम को नहीं ले जाने का आग्रह किया, तब माओवादियों ने परिजनों को बंदूक के बल पर धमकाया।



### दूषित पानी से बिगड़ी तबीयत

# 100 से ज्यादा बीमार -30 की हालत गंभीर

**श्योपुर,एजेंसी। श्योपुर जिले में कुएं का पानी पीने से गांव के 100 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। सभी को उल्टी- दस्त की समस्या हो रही है। महिला, बच्चे और बुजुर्ग समेत करीब 30 की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

बाकी के मरीजों का इलाज गांव में ही झोलाछाप डॉक्टरों से कराया जा रहा है क्योंकि सूचना के बाद भी गांव में न तो एंबुलेंस पहुंच सकी है और नहीं डॉक्टरों की टीम। मामला जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर गुहाडी - मधेपुरा गांव का है। जहां गांव में स्थित कुएं का पानी पीने से ग्रामीणों की तबीयत खराब हो गई है। ग्रामीणों की माने तो कुएं का पानी पीते ही लोगों को उल्टी-दस्त की समस्या होने लगी। खास बात यह है कि ग्रामीण इसी कुएं का पानी लंबे समय से पीते चले आ रहे हैं। लेकिन इससे पहले इस तरह की कोई समस्या उन्हें कभी नहीं हुई। इस बात को लेकर ग्रामीण हैरान और परेशान हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कुएं के पास बने तालाब में दवा डालने की वजह से कुएं का पानी दूषित हुआ है और इसी वजह से ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ रही है।



# नगर निगम चुनाव
# अनेक वार्डों में बनी त्रिकोणी संघर्ष की स्थिति...



**जबलपुर,यशभारत। नगर निगम चुनाव के लिए मतदान में अब 6 दिन का समय शेष रह गया है जिसके चलते महापौर पद के प्रत्याशियों के अलावा पार्षद प्रत्याशियों और बागी उम्मीदवारों तथा निर्दलीयों की सक्रियता भी बढ़ती जा रही है अभी तक स्थितियां सामने आ रही है उसके अनुसार शहर के 79 वार्डों में से अनेकवार्डों मैं प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के अलावा निर्दलीय बागी उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में होने स संघर्ष की स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रही है कई जगह तो त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है।**

अब देखने वाली बात यह है कि अंत में बाजी किसके हाथ लगती है हालांकि अभी तो चुनाव मैदान में मौजूद सभी प्रत्याशी और उनके समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे लगे हुए हैं लेकिन जीत कैसे मिलती है यह तो नतीजों से ही स्पष्ट हो पाएगा। चुनाव प्रचार के लिए अभी 1 सप्ताह से कम समय होने के कारण प्रत्याशियों का प्रचार अभियान भी चरम की ओर पहुंच गया है। शहर की पूर्व पश्चिम मध्य और कैंट विधानसभा के अलावा पनागर विधानसभा क्षेत्र का कुछ हिस्सा नगर निगम सीमा में आता है जिसके चलते यहां की निर्वाचित विधायकों ने भी क्षेत्र के प्रत्याशियों को विजय दिलाने मैदान में ताकत झोंक दी है।

एक और जहां कांग्रेस जन प्रतिनिधि प्रत्याशियों के साथ सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे हैं तो वही भाजपा के वरिष्ठ नेता भी पीछे नहीं है अभी भी प्रत्याशियों के साथ सघन जनसंपर्क में लगे हुए हैं निर्वाचित विधायक इलाकों के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशियों को नगर निगम पहुंचाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही यही स्थिति महापौर पद के लिए ही दिखाई दे रही है महापौर पद प्रत्याशियों को जिताने के लिए भी विधायक और संगठन के वरिष्ठ नेता भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे है। चुनाव मैदान में बागी प्रत्याशियों और निर्दलीय उम्मीदवारों के कारण शहर के कुछ वार्डो मैं पार्षद के चुनाव में स्थिति त्रिकोणी संघर्ष की बन रही है राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार शहर के करीब एक दर्जन वार्डों में चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है। यदि निर्दलीय ,बागी उम्मीदवारों की बात की जाए तो शायद ही कोई वार्ड ऐसा होगा जहां कांग्रेस, भाजपा ,आम आदमी पार्टी शिवसेना बसपा के उम्मीदवारों की अलावा निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में ना हो और यही प्रत्याशी समीकरणों को बिगाड़ रहे हैं। स्थितियों को देखते हुए रणनीतिकार भी रोजाना अपनी चुनावी रणनीति बदलने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस-भाजपा ने जहां जबलपुर नगर निगम चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है और हर हाल में नगर सत्ता अपनी पार्टी की हो इसके लिए एड़ी चोटी का जोर भी लगा यदि वरिष्ठ नेताओं की बात की जाए तो अभी तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा जबलपुर आ चुके है तो वहीं 30 जून को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का आगमन हो रहा है इसके अलावा विगत मुस्लिम नेता ओवैसी ने भी चुनाव में अपनी एंट्री कर मुस्लिम इलाकों में एक नई स्थिति पैदा कर दी है आने वाले दिनों में पार्टी की और भी वरिष्ठ नेता नगर प्रवास पर आ सकते हैं और यह काम चुनावी शोर थमने तक जारी रहेगा

## जबलपुर के महापौर-पार्षद प्रत्याशियों को जिला प्रशासन की चेतावनी महापौर के 8 तो पार्षद के 97 उम्मीदवारों ने व्यय का लेखा-जोखा पेश किया

जबलपुर, यशभारत। नगरीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सोमवार को नगर निगम जबलपुर के महापौर का चुनाव लड़ रहे 11 में से 8 उम्मीदवारों तथा पार्षद पद के 364 में से 97 उम्मीदवारों द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल को दिन-प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय का पहला लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नम:शिवाय अरजरिया ने बताया कि नगर निगम जबलपुर के महापौर एवं पार्षदों का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण का निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने 27 जून का दिन निर्धारित किया गया था। श्री अरजरिया के मुताबिक महापौर और पार्षद पद के ऐसे उम्मीदवारों को जिनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है उन्हें सूचना पत्र जारी कर 30 जून को अनिवार्य रूप से अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करने कहा गया है। यदि ये अभ्यर्थी इस दिन भी व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में उनके विरूद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम 1956 की धारा 14 (ग) के अधीन कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये ये उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# उमस भरी गर्मी पसीने छुड़ा रही

**जबलपुर,यशभारत। उसम भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा रही है। दिन हो या रात लोग परेशान हैं। मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ने के कारण पिछले तीन चार दिनों से। उसम के कारण लोग बेचैनी महसूस कर रहे है। हालांकि हल्के बादल बारिश का पैगाम लाते हैं फिर उम्मीद जगाकर गायब हो जाते हैं।**



आज भी मौसम के तेवर तीखे हैं। मौसम विभाग की मानें तो आज शाम तक बारिश हो सकती है। जबलपुर सहित आस-पास के क्षेत्र में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। आज राजस्थान से मध्यप्रदेश होते हुए बंगाल तक ट्रफ लाइन निकली है और अरब सागर के ऊपर चक्रवात बनने के कारण आज शाम को बारिश के आसार बने हैं। विदित हो कि जबलपुर में 19 जून को मानसून ने दस्तक दी थी। इसके पहले 18 और फिर 19 जून को झमाझम बारिश हुई। 20 जून के बाद मानसून की बेरूखी से बारिश की एक बूंद नही गिरी। 26 जून की देर रात मानसूनी गतिविधियां बढ़ी और एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई। सीजन की बारिश का आंकड़ा भी 173.4 मिलीमीटर यानी करीब सात इंच तक पहुंच गया है। वहीं गत वर्ष की बात करें तो अब तक सीजन में 153.6 मिलीमीटर यानी छह इंच बारिश हुई थी। मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ने से तापमान भी 35 से 37 के बीच झूल रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी 26.2 डिग्री दर्ज किया गया। आज सुबह का तापमान 26.6 ढिसे रहा। तापमान बढ़ने से वातावरण में गरमाहट का अहसास बढ़ा रहा।



# लोध बाबा जी ने नर नारायण सेवा को अंगीकार किया

**श्री रामकृष्ण आश्रम में प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीना स्मरण**

**जबलपुर ,यशभारत ।** श्री रामकृष्ण आश्रम घमापुर के प्रथम सचिव स्वर्गीय अधर चन्द्र लोध ( बाबाजी) की प्रथम पुण्य तिथि पर आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उनके कार्यों का भावभीना स्मरण किया गया।उल्लेखनीय है कि लोध बाबा जी के प्रयास से करीब छह दशक पूर्व छोटी सी कुटिया में आश्रम की गतिविधियां संचालित की जो उनके अथक प्रयास और समर्पण से विशाल परिसर का रूप ले चुका है।उनके द्वारा ही पूर्व क्षेत्र के गरीब साधनहीन परिवारों के बच्चों के लिए विद्यालय स्थापित किया गया इसके साथ ही मुफ्त चिकित्सा सेवा और उनके लिए अन्न दान जैसे अन्य प्रकल्प संचालित किये गए। शतायु पूर्ण कर गत वर्ष ब्रम्हलीन हुए। इस मौके आश्रम द्वारा संचालित विद्यालय के पूर्व छात्रों सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ और आश्रम संचालन समिति के पदाधिकारियों ने उनकी नर सेवा से नारायण सेवा का स्मरण किया।। स्व.बाबा जी की भावना के अनुरूप निराश्रित निर्धन माताओं को अन्न दान किया गया।जानकारी दी गई कि अन्न दान का कार्यक्रम सतत जारी रहेगा जो प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को किया जावेगा। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण आश्रम के उपाध्यक्ष दीपक रायघटक सचिव नारायण चंद्र घोष, सदस्य श्रीमती जयंती पांडे, कु रीता सूर समीर चक्रवर्ती व्यवस्थापक श्रीमति सुनंदा मुखर्जी प्रधानाचार्य चित्रा लोध स्कूल स्टाफ के साथ वर्तमान और भूतपूर्व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





# वीणा के माध्यम से राकेश जी कर रहे शब्दों की साधना

**जबलपुर, यश भारत।** साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा संचालित पाठक मंच की जबलपुर इकाई के तत्वावधान में शताब्दी की ओर अग्रसर पत्रिका वीणा के संपादक, चिंतक, विचारक, राकेश शर्मा जी के समग्र अवदान पर आधारित ग्रंथ आखर आखर राकेश पर पुस्तक चर्चा श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, जबलपुर के सभागार में आयोजित की गयी। पुस्तक चर्चा में उपस्थित सभी विद्वानों का मत था कि, वीणा के माध्यम से शब्दों की साधना का जो कार्य राकेश जी कर रहे है, वह अतुलनीय है।

पुस्तक विमर्श कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शरदचंद पालन, अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, मुख्य वक्ता डॉ. सत्येन्द्र शर्मा (सतना) रहे। वक्ताओं में अभिमन्यु जैन, डॉ. कौशल दुबे, श्री प्रभात दुबे, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित के रूप में राकेश शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा (इन्दौर) उपस्थित रही। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉ आनंद सिंह राणा ने किया एवं आभार डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निरंजन द्विवेदी, सुरेश मिश्र विचित्र . यू. एस. दुबे, राजसागरी, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, डॉ. उदय भानू तिवारी, डॉ. अरुणा पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, रघुवीर अम्बर, सुभाष जैन शलभ , डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, फिरोज कमाल, डॉ. संध्या जैन, अजय मिश्रा छाया नरगिस एवं महाविद्यालय परिवार से मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, अनामिका सिंह, राधा झारिया, चंद्रकुमार चौबे, मीनाक्षी लोधी, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, संजय पाण्डेय, राखी बाजपेयी, गोपाल रैकवार, भूपेन्द्र आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# केंद्रीय कर्मचारियों की भाँति दिया जाए संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ ने मांग की है कि केंद्रीय कर्मचारियों की भाँति राज्य के कर्मचारियों को भी संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता दिया जाए । संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दो बच्चों के एजुकेशन पर अलाउंस मिलता है, जो प्रति बच्चा 2250 रुपये है. दो बच्चों पर कर्मचारियों को हर महीने 4500 रुपये सैलरी में जुड़कर मिलते हैं. जबकि राज्य सरकार के अधिकारी और कर्मचारियो को नहीं मिलता है. मुख्यमंत्री से निवेदन है कि राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियो को भी संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता दिया जाए। मांग करने वालों में हेमंत ठाकरे, दिलीप सिंह ठाकुर, स्टेनली नॉरबट, एनोस विक्टर विनोद सिंह, राबर्ट फ्रांसिस, सुशील यादव, एस. बी. रजक, प्रदीप पटेल, निलेश खरे, अनूप सिंह मरकाम आदि शामिल हैं।

# जिला पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**जबलपुर,यशभारत।** जिला पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ दत्त मंदिर गोलबाजार में किया गया। समाज सेवी खत्री मुख्य अतिथि व एस के दुबे विशिष्ट अथिति व पूर्व राष्ट्रीय वेटलिफ्टर बॉडीबिल्डर के. डी. श्रीवास्तव,अशोक कपूर की उपस्थिति में हनुमान जी का पूजन अर्जन कर विधिवत रिबन काटकर प्रतियोगिता आरंभ की गई। संघ के सचिव संजय बिल्लौर ने बताया प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स, महिला व पुरुष खिलाडियों कुल 270 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता का समापन आज होगा। अब्दुल हफीज,आनंद पटेल,कपिल श्रीवास्तव,डिंपल खत्री,एस जी पाण्डे व संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।




# ईपीएफ आर्गनाइजेशन कर्मियों को चुनाव ड्यूटी के लिए न किया जाए बाध्य

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को एक अंतरिम आदेश में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ के कर्मियों को आसन्न स्थानीय निकाय चुनाव में ड्यूटी करने के लिए बाध्य न किया जाए। न्यायमूर्ति एसए धर्माधिकारी की एकलपीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग, जबलपुर व भोपाल कलेक्टर को नोटिस जारी किए। सभी से तीन सप्ताह में जवाब मांगा गया है। ईपीएफ आर्गनाइजेशन की ओर से याचिका दायर की गई। अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने कोर्ट को अवगत कराया कि कि चार जून, 2022 को याचिकाकर्ता संगठन के कर्मियों व अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी करने के लिए आदेश जारी किया गया। जबकि नियमानुसार राज्य सरकार, स्थानीय निकायों व लोक स्थापनाओं के कर्मियों, अधिकारियों की ही स्थानीय निकाय चुनाव में ड्यूटी लगाई जा सकती है। इन्ही कर्मियों को पीठासीन अधिकारी बनाया जा सकता है। याचिकाकर्ता न तो राज्य सरकार के कर्मी हैं और न ही केंद्र सरकार के। बल्कि वे एक संगठन के कर्मी हैं। चुनाव कराने के लिए उनकी ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए याचिकाकर्ता संगठन के कर्मियों को चुनाव ड्यूटी के लिए बाध्य न करने के निर्देश देकर अनावेदकों से जवाब-तलब कर लिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की



**जबलपुर,यशभारत।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ द्वारा न्यू कंचनपुर प्रधान कार्यालय में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर महासंघ के जिलाध्यक्ष भाजपा नेता शंकर लाल गोंटिया, महामंत्री अशोक गोंटिया मंडल अध्यक्ष जनजातीय मोर्चा राजेंद्र गोंटिया, अमरनाथ पटेल, श्याम बहादुर पटेल, द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई दो निशान, दो विधान, दो प्रधान के घोर विरोधी प्रखर राष्ट्रनायक भारत माता के सच्चे सपूत थे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन सदैव हम सभी के लिए प्रेरणादाई रहेगा उक्त उदगार शैलेश सिंह लोधी सामाजिक समरसता प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,हनुमान नगर ने व्यक्त किए।



# प्रसिद्ध शिक्षाविद्वों का प्राध्यापक संघ द्वारा सम्मान

**जबलपुर,यशभारत।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग द्वारा डॉ. अंजली वाजपेयी एवं डॉ. प्रहलाद कुमार अग्रवाल शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर को 41 वर्षों की शासकीय सेवा होने पर पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि डॉ. अंजली वाजपेयी एवं डॉ. प्रहलाद कुमार अग्रवाल अपने विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी सहजता, मिलन सारता एवं हँसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय है। उन्होनें विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है।इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र नायडू, डॉ. रवि कटारे, डॉ. रामकुमार रजक, डॉ.एन.एल.जैन, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. शिखा सक्सेना के साथ अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहें।

## अडुमना नेचर पार्क में 40 हजार पौधे लगाये जायेगें

**जबलपुर, यश भारत।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर डुमना नेचर पार्क रेस्ट हाउस के पास में विभिन्न प्रजातियों के 40 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। पौधा रोपण की तैयारियों के संबंध में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा डुमना नेचर पार्क के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया गया और तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने उद्यान अधिकारी सुरेन्द्र मिश्रा को एक सप्ताह के अंदर पौधा रोपण क्षेत्रों में फैंसिंग कराने गड्ढे कराकर खाद् डालने आदि की तैयारियॉ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## प्लास्टिक निर्माताओं एवं विक्रेताओं की बैठक

# सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण पर प्रतिबंध, व्यापारी आक्रोशित

**जबलपुर,यशभारत।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंण्डस्ट्री में महाकोशल प्लास्टिक उद्योग संघ के तत्वाधान में एक बैठक सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण एवं उपयोग के संबंध में संपन्न हुई महाकोशल प्लास्टिक उद्योग संघ के अध्यक्ष शंकर नाग्देव ने बताया सरकार द्वारा बिना कोई विकल्प उपलब्ध कराये इस पर प्रतिबंध लगाने पर बैठक में रोष व्यक्त किया गया एवं सरकार से मांग की गई कि आम जनों एवं इस व्यापार उद्योग में लगे लाखों लोगो को ऐसे गैर जरुरी प्रतिबंध से भारी क्षति एवं कठिनाई होगी अतः विकल्प मिलने तक इस प्रतिबंध को स्थगित किया जाए साथ ही सरकार के अगले आदेश तक इस क्षेत्र के सभी निर्माता एवं व्यापारी इन 18 वस्तुओ का विक्रय एवं निर्माण नही करेंगे । यदि इसके बावजूद इन वस्तुओ के अलावा अन्य प्लाटिक वस्तुओ के निर्माताओ विक्रेताओं जो नियमानुसार अपना व्यवसाय करेंगे संबंधित सरकारी विभाग यदि उन्हें बेवजह परेशान करेंगे तो इसका घोर विरोध किया जाएगा अतः संबंधित विभाग अपने कर्मचारियों को प्रतिबंध को लागु करने के लिए जब उद्योग या व्यवसाय स्थल पर निरिक्षण हेतु भेजे तो उन्हें प्रतिबंधित वस्तुओ की कानूनन सही जानकारी एवं उचित प्रशिक्षण देकर ही भेजा जाए जिससे किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो चेम्बर ने एवं महाकोशल प्लास्टिक उद्योग संघ ने सभी निर्माताओं एवं विक्रेताओं से अपील की है की नियमानुसार ही अपना व्यवसाय करें साथ ही आम जनता से भी अपील की है कि वो भी इन प्रतिबंधित 18 सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओ का न उपयोग करे न ही व्यापारियों को विक्रय करने हेतु दबाव बना कर मजबूर करे। बैठक चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई संचालन महाकोशल प्लास्टिक उद्योग संघ के सचिव केवल सावलानी द्वारा किया गया बैठक में चेम्बर एवं प्लास्टिक उद्योग संघ के अखिल मिश्र, युवराज जैन गढ़ावाल, संजय टेक चंदानी, आदित्य जैन, जियाउद्दीन, प्रदीप मंध्यानी, अंकित खुराना, सुनील नाग्देव, टीकम दास दूसिया, राजेश मंछानी, मतलूब अहमद अंसारी, नानक राम खत्री, राहुल जैन, सन्मति जैन, सुनील दानपती, निखिल अग्रवाल, रामदेवानी सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति एवं व्यापारी उपस्थित थे ।



# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करूंगा :अन्नू

**जबलपुर नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से महापौर पद के प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अनु से यश भारत प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में आगामी नगर निगम चुनाव में और उनकी रण नीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सामाजिक राजनैतिक विषयों पर सीधे सवाल पूछे गए और कांग्रेस प्रत्याशी ने उनके खुलकर जवाब दिए। अन्नू सिंह का कहना है कि वह शहर विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करेंगे, जिसके लिए उन्हें किसी से भी बात करना पड़े तो उन्हें कोई परहेज नहीं होगा। इस दौरान उन्होंने अधो संरचना विकास और शहर के सौंदर्यीकरण का अपना ब्लूप्रिंट भी सामने रखा। साथ ही उन्होंने एक बात साफ की कि वह वृक्ष है जो फल लगने के बाद और ज्यादा झुक जाएगा। याने विनम्र हो जाएगा। पद मिलने के बाद उनमें आम का भाव नहीं आएगा। इस पूरे साक्षात्कार को यश भारत के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और यश भारत न्यूज़ चैनल पर विस्तार से देखा जा सकता है।**

यश भारत PRIME TIME WITH ASHISH SHUKLA

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### मुझे जिम्मेदारी का बोध है

कार्यक्रम की शुरुआत में अन्नू सिंह ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका बोध है और पता है कि मुझे शहर के लिए कुछ करने का मौका मिला है। जिसके लिए मुझे अपना सर्वस्व लगाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सामान्य परिवार से आते हैं जो कि ना तो उद्योगपति रहा है ना ही राजनैतिक रहा है। जिस कारण उन्होंने जमीनी स्तर से राजनीति और सामाजिक सरोकार निर्गुण सीखे हैं। जिसके चलते उन्हें काम करने का व्यावहारिक अनुभव है। साथ ही उन्होंने पार्टी से मिली इतनी बड़ी जिम्मेदारी के प्रति उस का आभार व्यक्त किया।

### मैं सनातनी हिंदू हूं

साक्षात्कार के दौरान धार्मिक आयोजनों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह सनातनी हिंदू है और उनके संस्कारों में हिंदू धर्म है। लेकिन वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जो वैष्णो देवी यात्रा ,कावड़ यात्रा और विशाल सुहागलों के कार्यक्रम कराए गए हैं जो उनकी सनातन धर्म के प्रति आस्था को बताता है। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक क्षेत्र के भी कई आयोजन किए हैं। उनका मानना है कि वे अपना कर्म करते हैं उसके प्रतिफल की आशा नहीं करते, क्योंकि बचपन से ही समाज को देने की प्रवृत्ति के संस्कार उनके अंदर डाले गए हैं जिसका फल उन्हें किसी न किसी रूप में मिलता ही है।



महापौर पद के कांग्रेस प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू से यश भारत प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में चर्चा

### इंजन दमदार हो तो गाड़ी दौड़ती है

विपक्षी दलों द्वारा फंड को लेकर किए जा रहे प्रचार के विषय में उन्होंने कहा कि ,वर्तमान समय में तीन इंजन की सरकार थी। लेकिन कितना काम हुआ है यह सब के सामने हैं। उन्होंने कहा कि इंजन चाहे एक हो लेकिन यदि दमदार है तो वह अकेला ही गाड़ी को तेज रफ्तार से चला सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार किसी की भी हो फंड तो सभी जगह बराबर आता है यह सब भ्रामक प्रचार है। वही विरोधियों द्वारा किये जा रहे कटाक्ष को उन्होंने सिर्फ चुनावी जुमले बताया और कहा कि वे आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में विश्वास नहीं करते। चुनावों के बाद यह सारी चीजें अपने आप समाप्त हो जाएंगे जाएंगी।

उन्होंने इंटरव्यू के दौरान नगर विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की बात तो कही ही साथ ही उन्होंने कांग्रेस में बिखराव के सवाल पर कहा कि वह दौर बीत गया है। अब बिखराव की बातें विरोधी दल से सामने आती हैं। कांग्रेस एक है और एक साथ चुनाव लड़ रही है। सभी 79 प्रत्याशी एक होकर अपने लिए और महापौर दोनों के लिए वोट मांग रहे हैं। हमारे पास चार विधायक और एक राज्यसभा सांसद हैं। जिनके सहारे हम विकास की गति को तेज करेंगे। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस जोरदार वापसी करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुनावों के पहले लोगों का जो आचरण होता है वह पद मिलने के बाद बदल जाता है। लेकिन वे वैसे नहीं है वह यदि जीतते हैं तो उनका आचरण और अधिक विनम्र होगा और वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे।

# मझगवां में 30 साल की प्रेमिका की हत्या

**जबलपुर, यशभारत।** थाना मझगवां की बड़ी नहर में महिला की मिली लाश के मामले में पुलिस ने 302 का प्रकरण दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस की जांच-पड़ताल में सामने आया है कि महिला की हत्या उसके ठेकेदार प्रेमी के द्वारा की गई है। क्योंकि पुलिस ने दोनों की कॉल डिटेल निकाली तो उसमें महिला मौत से पहले दो दिन तक लगातार ठेकेदार से संपर्क में थी और घटना स्थल पर दोनों की ही लोकेशन ट्रेस की गई है। प्रकरण के सामने आने के बाद पुलिस संदेही को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी अनुसार ग्राम गिदुरहा के पास बड़ी नहर के पानी में एक अज्ञात महिला का शव बहने की सूचना पर पहुँची पुलिस को विनोद पटैल 52 वर्ष निवासी गिदुरहा मझगवां ने बताया कि वह ग्राम पंचायत में सरपंच है उसे सुवह बड़ी नहर के पानी में एक महिला का बहते हुये शव मिला। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया था।

### हत्या कर नहर में फेंद दी लाश

जांच के बाद पुलिस ने मृतिका की शिनाख्त श्रीमति रज्जो बाई कोल 30 वर्ष निवासी कंचनपुर अधारताल के रूप में की गयी। मृतिका के पति भारत कोल 35 वर्ष एवं अन्य परिजनों के कथन लिये गये, जिन्हौंने बताते हुये संदेह व्यक्त किया कि विजय काछी के द्वारा रज्जो बाई कोल की हत्या कर नर्मदा बड़ी नहर में साक्ष्य छिपाने की नियत से बहा दिया है। जांच पर घटना दिनॉक को मृतिका रज्जो बाई कोल एवं विजय काछी का घाट सिमरिया में होना तथा मोबाईल पर कई बार एक दूसरे से बातचीत करना पाया गया।

**ठेकेदार से लगातार संपर्क में थी रज्जो बाई**

### ठेकेदार की प्रेमिका थी मृतिका.....

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदेही विजय काछी पेशे से ठेकेदार है, जिसके अंडर में मृतिका रज्जो बाई काम करती थी। इसी बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। संदेही ठेकेदार की इससे पहले एक पत्नी और दूसरी दासता पत्नी थी, जिनहें वह छोड़ चुका है। यह ठेकेदार के जीवन में तीसरी महिला थी, लेकिन दोनों के बीच आखिर क्या हुआ कि मृतिका को मारकर नहर में बहा दिया गया।



### वरिष्ठ साहित्यकार राकेश शर्मा पहुंचे यश भारत कार्यालय

**जबलपुर,यशभारत।** देश में 1927 से अनवरत रूप से हिंदी साहित्य जगत में अपना अव्वल स्थान रखने वाली वीणा पत्रिका के यशस्वी सम्पादक वरिष्ठ साहित्यकार, विचारक, चिंतक राकेश शर्मा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना शर्मा के साथ यश भारत समाचारपत्र कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से सौजन्य भेंट की एवं स्व अरुण शुक्ला, श्रीमती सुशीला शुक्ला की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



### राज गुप्ता का देवलोकगमन

**जबलपुर,यशभारत।** उपहार फर्नीचर घमापुर शीतलामाई निवासी जीसीएफ फैक्ट्री कर्मी विनय कुमार गुप्ता (अग्रहरि) के ज्येष्ठ पुत्र राज गुप्ता (अग्रहरि) का 23 वर्ष की अल्प आयु में आकस्मिक देवलोकगमन हो गया है। आप विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, और विवेक गुप्ता (बल्ली) पूर्व अध्यक्ष, अग्रहरि वैश्य समाज जबलपुर के भतीजे थे। अंतिम संस्कार करियापाथर मुक्तिधाम में किया गया।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजो, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जॉघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

मॉ शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ) डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन) डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट) डॉ विशाल वड़ेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ) डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन) डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ एम.डी) डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग-पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, निःशुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टाऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761-4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

AFFILIATED TO CBSE
ATAL LAB
GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
SEPARATE HOSTAL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
NURSERY TO CLASS- 12th
FREE BOOKS & UNIFORM FOR NEW ADMISSION
Raingwa, Karmeta, Patan Road Jabalpur- 9300119919 ,9300154300

महात्मा गॉंधी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
नन्दवन्दन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Estd.2006
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
M.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स M.S.N., C.H.N., Pedia N. Obs N. Psy N.
P.B.B.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
G.N.M. 3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
B.Sc. (N) 4 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
A.N.M. 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
महात्मा गॉंधी ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन, मेन रेलवे स्टेशन के पास, होटल कस्तुरी के सामने, डिलाइट टॉकीज कैम्पस, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर
Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079, 9200007074

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
- छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
- छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
- विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
- बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
- खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
- अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघात) सीने में दर्द व भारीपन | उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना | घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

अब मुम्बई का मजा जबलपुर में
Sea WoRlD
A Fantastic Water World
SEA WORLD WATER PARK HOTEL
Contact us :- Gram Tewar, Bhedaghat Road Jabalpur (M.P), 9977005949,9993093354, 8085453573

916 हॉलमार्क ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर पाएं 25% Discount
100% EXCHANGE On Hallmark Jewellery
लकी ड्रॉ ज्वेलर खरीदें और जीतें आकर्षक ईनाम TWO WHEELER
आसान किस्तों में ज्वेलरी खरीदें
होलसेल एवं रिटेल विक्रेता
अरिहंत ज्वेलर्स
गोल्ड | डायमंड | सिल्वर
789, होटल समदड़िया इन, रसल चौक,जबलपुर - 8878730000

Admission Open 2022-23
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD- 2004
Dr. Vijaykant Tiwari (Director)
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर (English & Hindi Medium)
चुने यही स्कूल क्योंकि यहॉं से-
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10th/12th में परसेन्ट बढ़ाने CBSE/ICSE एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
स्पेशल डिस्काउन्ट का अंतिम सप्ताह
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पीछे, अधारताल, मो: 0761-4020761, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# भोपाल से अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**263 शिव भक्तों के इस जत्थे में 40 महिलाएं, एक 14 वर्ष का बालक एवं एक 65 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल हैं।**

**भोपाल ( यश भारत )।** शहर में कार्यरत धार्मिक-सामाजिक संस्था ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के तत्वावधान में 263 शिव भक्तों का पहला जत्था मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ यात्रा के लिए मंगलवार को रवाना हुआ। इसमें भोपाल के अलावा विदिशा से आए श्रद्धालु भी शामिल हैं। इन श्रद्धालुओं में 40 महिलाएं, 14 वर्ष का बालक देव तिवारी एवं 65 वर्षीय रामनारायण मिश्रा भी शामिल हैं। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि राजेश साहू, विजय साहू पहलगाम से जाने वाले शिव भक्तों का नेतृत्व करेंगे एवं अरुण तिवारी, बृजेश पाठक बालटाल मार्ग से जाने वाले शिव भक्तों का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद यह पहली अमरनाथ यात्रा होगी। मंडल का दूसरा शिव भक्तों का जत्था 30 जून को रवाना होगा। भोपाल स्टेशन पर श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर चेतन सिंह, राज कुमार शर्मा, मनोज पांडे, प्रदीप सोनी, मुकेश रैकवार, राधेश्याम कैलसिया, अवनीश श्रीवास्तव, गजेन्द्र ठाकुर, लेखराम पटेल, राजकुमार रघुवंशी, मोनू चौरसिया, अजय शर्मा, प्रकाश पाटिल, ललित राजपूत आदि उपस्थित थे। उधर, कस्तूरबा नगर स्थित श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एक से तीन जुलाई तक होगा। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष





सुनील जैनाविन ने बताया जिनालय में नवीन वेदिका का निर्माण किया गया है, जिस पर आकर्षक स्वर्ण नक्काशी की गई है। वेदिका पर भक्ति भाव के साथ भगवान को विराजमान कर याग मंडल विधान का अनुष्ठान होगा। विधान आचार्य बाल ब्रह्मचारी सुमंत भैया एवं अनिल भैया के निर्देशन में होगा। सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित सतीश पिपरई और पंडित महेश होंगे। मंगलवार को जिनालय में भगवान सुपार्श्वनाथ की संगीतमय महाआरती की गई। भगवान सुपार्श्वनाथ की भक्ति में भजन गाए गए। हाथों में दीपक लेकर भक्ति नृत्य किए गए। एक जुलाई को सुबह छह बजे ध्वजारोहण के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। जैनाविन के मुताबिक अनुष्ठान के लिए पात्रों का चयन कर लिया गया है।

# मंत्रियों के सेवकों को शिष्टाचार का पाठ पढ़ा रही सरकार



**भोपाल ( यश भारत )।** मंत्रियों के शासकीय आवास या कार्यालय में जब कोई मिलने आए तो उसके साथ व्यवहार ऐसा होना चाहिए, जिससे उसे संतोष रहे कि उसकी पूछ-परख हुई है, सम्मान मिला है। इससे सरकार की छवि बनती है और सकारात्मक संदेश भी जाता है। इसके लिए मंत्रियों के सेवकों को अब मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार पहली बार शिष्टाचार का पाठ पढ़ा रही है। भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में अभी भृत्य, सुरक्षाकर्मी और वाहन चालकों को शामिल किया गया है। अगले चरण में मंत्रियों के निज सचिव और सहायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप प्रशासन अकादमी ने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार किया है। पहले चरण में 30 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। पाठ्यक्रम तैयार करने वाली ज्ञानेश्वरी राव ने बताया कि केंद्र सरकार के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के आधार पर क्षमता संवर्धन का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया गया है। जब भी कोई मंत्री के कार्यालय या आवास पर आता है तो उसके साथ किस तरह पेश आना चाहिए, इसका प्रशिक्षण होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट से दिलाया गया है। उन्हें बताया गया है कि जब भी पानी या चाय लेकर आएं तो हाव-भाव ऐसे रहने चाहिए कि जैसे आपको उनके आने से प्रसन्नता हुई है। आदर के साथ बात करें। साफ-सफाई का ध्यान रखें। टेलीफोन उठाएं तो विनम्रता से बात करें। परिचय पूछें और समाधानकारक उत्तर दें। यदि मंत्री जी व्यस्त हैं और बात कराना संभव नहीं है तो बताएं कि बाद में संपर्क करें। सुरक्षाकर्मियों को बताया जा रहा है कि आप सर्वाधिक समय मंत्री के साथ रहते हैं। आमजन जब मंत्री को ज्ञापन देना चाहते हैं या मिलना चाहते हैं तो उस समय व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि कोई भी उपेक्षित महसूस न करे। धैर्य से बात सुनें और बताएं कि संबंधित तक इन्हें पहुंचा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन, यातायात संबंधी नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। अकादमी के महानिदेशक अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बता रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को गोपनीयता बरतने का पाठ भी पढ़ाया जाएगा।



**सरपंच प्रत्याशी सहित समर्थकों पर केस दर्ज**

# बूथ पर हंगामा कर फाड़े थे मतपत्र

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी में 25 जून को पंचायत चुनाव के संभावित परिणाम सार्वजनिक होते ही हारे हुए सरपंच पद के प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ एक मतदान केंद्र पर धावा बोल दिया था। बूथ पर हंगामा करते हुए उन लोगों ने मतपत्र भी फाड़ दिए थे। रात लगभग 11 बजे हुई इस घटना में मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रत्याशी अर्जुन सिंह मीणा के तीन समर्थकों को हिरासत में ले लिया था। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर परवलिया सड़क थाना पुलिस ने अर्जुन सिंह और उसके समर्थकों के खिलाफ मतपत्र फाड़कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज कर लिया है। परवलिया सड़क थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि अर्जुन सिंह मीणा ने चंदूखेड़ी पंचायत से सरपंच पद का चुनाव लड़ा था। 25 जून को दिन भर चले मतदान के बाद रात में प्रत्याशियों को चुनाव का संभावित परिणाम पता चलने लगा था। चुनाव हारने की जानकारी मिलते ही अर्जुन सिंह ने अपने समर्थकों के साथ चंदूखेड़ी की प्राथमिक शाला में बने मतदान केंद्र पर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया था। इस दौरान कुछ मतपत्र भी फाड़ दिए थे। इस मामले में पुलिस ने अर्जुन सिंह के तीन समर्थकों को मौके पर हिरासत में ले लिया था। वहां से फरार हुए अर्जुन सिंह मीणा को पुलिस ने अगले दिन गिरफ्तार कर लिया था। सभी के खिलाफ प्रतिबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया था। वहां से सभी को जेल भेज दिया गया था। उधर घटना की शिकायत पीठासीन अधिकारी नीरज खरे ने परवलिया थाने में की थी। शिकायत की जांच के बाद आरोपित अर्जुन सिंह मीणा व अन्य के खिलाफ तोड़फोड़, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने एवं मप्र निर्वाचन अपराध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# आधे गांव की बत्ती गुल हुई तो ग्रामीणों ने लाइनमैन को पीटा



**ग्राम रुनाहा की घटना- ग्रामीणों के एक गुट को लगा कि सरपंच को वोट न देने की वजह से बिजली गुल कराई**

**भोपाल ( यश भारत )।** पंचायत चुनाव में मतदान और मतगणना के बाद हार-जीत का रुझान पता चलने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रंजिश उभरने लगी है और झगड़े होने लगे हैं। इसी क्रम में नजीराबाद थाना इलाके में आधे गांव की बिजली गुल होने पर लोगों को लगा सरपंच को वोट नहीं दिया था, इस वजह से बिजली गुल कराई गई है। लिहाजा, इस गुट के लोगों ने विद्युत सब स्टेशन पर हमला कर लाइनमैन के साथ मारपीट कर दी और कार्यालय में भी तोड़फोड़ कर दी। नजीराबाद थाना पुलिस के अनुसार दीपक सिंह गुर्जर रुनाहा गांव के पावर हाउस में लाइनमैन के रूप में कार्यरत हैं। सोमवार रात को रुनाहा गांव के एक हिस्से में बिजली नहीं थी। यहां के लोगों ने जब देखा कि उनके मोहल्ले के अलावा पूरे गांव में लाइट है तो वे भड़क गए। उनका मानना था कि पंचायत चुनाव में जीते नए सरपंच ने उनके इलाके इलाके की लाइट इसलिए कटवा दी क्योंकि उनके मोहल्ले से सरपंच को वोट नहीं मिले थे। चुनावी रंजिश का बदला सरपंच के इशारे पर ऐसा किया गया है। इसके बाद एक दर्जन से अधिक ग्रामीण रुनाहा के पावर हाउस पहुंच गए। यहां पर उन्हें लाइनमैन दीपक गुर्जर मिले। दीपक ने उन्हें समझाया कि तकनीकी खराबी के कारण बिजली गुल हुई है। कुछ देर में लाइट चालू हो जाएगी, लेकिन उन्होंने उसकी बात नहं सुनी और मारपीट शुरू कर दी। साथ ही दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ भी कर दी। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर लाखन सिंह, पप्पू, राहुल, प्रदीप, सुनील, धर्मेन्द्र, सुरेश, बाबूलाल तथा महेश के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, तोडफ़ोड़ व बलवा की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# स्लोगन-पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए बच्चे बताएंगे ऑनलाइन ठगी से बचाव के गुर

**भोपाल ( यश भारत )।** लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध से बचाव के लिए अब पुलिस ने अनोखी पहल शुरू की है। इसके जरिये साइबर अपराध से बचाव के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लोगों के घर-घर तक पहुंचाने का तरीका खोजा गया है। दरअसल, साइबर सेल द्वारा एक पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें 12 से 16 साल तक बच्चों से से बचाव के स्लोगन व पोस्टर बनवाए जाएंगे। इसमें उनके अभिभावक सहयोग करेंगे। प्रतिभागियों को उसे साइबर क्राइम की वेबसाइट competitioncyber@gmail.com पर आनलाइन भेजना होगा। इसमें प्रविष्टियां 15 जुलाई तक ही मान्य होंगी। इसमें भाग लेने वाले उत्कृष्ट प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि राजधानी में छह माह में साइबर अपराध की करीब 1900 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इसमें ठगी की राशि सात करोड़ रुपये के ऊपर निकल चुकी है। लोगों को तमाम तरह से जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी करने के बाद भी आनलाइन ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसको लेकर साइबर क्राइम पुलिस यह प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इसमें जब बच्चे स्लोगन व पोस्टर बनाएंगे तो उसमें अपनी मां और पिता का सहयोग लेंगे। इससे उनके ध्यान में साइबर अपराधों के प्रकार की जानकारी रहेगी और वह अपने आसपास के लोगों को ठगी से बचने के लिए सतर्क करेंगे।

**इन पर बनाने होंगे पोस्टर व स्लोगन**

- साइबर अपराध से कैसे बचें।
- साइबर अपराध होने की दशा में क्या करें।
- साइबर हेल्पलाइन नंबर 94799-90636 और 1930 के प्रचार।
- साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता संबंध जानकारी।

डिजिटल लेनदेन और आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए एडवाइजरी समय-समय पर जारी की जाती है। इसके साथ अब लोगों के घरों पहुंचकर जागरूक करने के लिए यह अनोखा तरीका निकाला है।

**अब साइबर अपराध के तमाम प्रकार के धोखाधड़ी के तरीकों को लेकर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बच्चे चित्र बनाकर साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भेजेंगे। इसमें वह अपना अभिभावकों का भी सहयोग ले सकते हैं। उनको बाद में पुरुस्कृत भी किया जाएगा।**
**- अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त, साइबर क्राइम एवं क्राइम ब्रांच**

# हिंदी विवि में भर्ती विज्ञापन में आरक्षण नियमों का किया जाए पालन- सांसद साध्वी प्रज्ञा

**भोपाल ( यश भारत )।** मातृभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार और हिंदी माध्यम में शिक्षा देने के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। लगभग 11 साल गुजरने के बाद भी यहां नियमित शिक्षकों की भर्ती नहीं हो सकी है। अब भी यहां पर 29 संविदा शिक्षक पदस्थ हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय ने भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था, जिसमें आरक्षण संबंधित विवाद होने पर विश्वविद्यालय ने विषय और आरक्षण से जुड़े बदलाव कर फिर से विज्ञापन जारी किया था, लेकिन नए विज्ञापन को लेकर भी कई लोगों ने अपनी आपत्ति जताई है। भोपाल लोकसभा क्षेत्र की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के पास कई शिकायतें पहुंची है। इस संबंध में भोपाल के डा. राहुल कुमार ने विज्ञापन में सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों की अनदेखी करने का सांसद को ज्ञापन देकर विज्ञापन निरस्त करने की मांग की है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने 18 विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर का विज्ञापन जारी किया था। आवेदक ने अपने ज्ञापन में बताया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट व जबलपुर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार एक विषय में एक से ज्यादा पद होने पर ही आरक्षण रोस्टर लागू होता है, जबकि अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय के विज्ञापन में एक विषय में एक ही पद पर भर्ती की जा रही है। इस मामले में सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव को पत्र लिखकर मामले की जांच और कार्रवाई करने के लिए कहा है।



**उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को लिखा था पत्र**

उच्च शिक्षा विभाग ने नवंबर 2017 में जारी अपने आदेश में कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए आरक्षण रोस्टर के पालन के लिए सभी विश्वविद्यालय के कुलसचिव को पत्र लिखा था। सामान्य प्रशासन विभाग ने छह जनवरी 2022 को एक पत्र जारी कर सीधी भर्ती के मामले में आदर्श रोस्टर दिया था। इस रोस्टर के अनुसार शुरुआती नियुक्तियों में पहला पद अनारक्षित इसके बाद दूसरा पद ओबीसी, जबकि तीसरा अनुसूचित जाति जनजाति के क्रम में लिया जाएगा।

**यहां हुई गफलत**

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के पहले उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आरक्षण रोस्टर के संबंध में जनवरी 2020 में एक आदेश जारी किया गया, जिसमें स्पष्ट लिखा गया कि विश्वविद्यालय को यूनिट मानते हुए रोस्टर लगाया जाए, जबकि इसके पूर्व विभाग द्वारा ही जारी पत्र में कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए विषय या विभागवार रोस्टर लगाने की बात कही गई थी।



# सह विषय और दो डिग्री वाले 601 चयनित शिक्षकों को भेजा गया नियुक्ति आदेश

**भोपाल ( यश भारत )।** शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के चयनित ऐसे अभ्यर्थी जिनका एक सत्र में दो डिग्री और सह विषय के कारण नियुक्ति रोक दी गई थी। ऐसे अभ्यर्थियों को उनके ईमेल आईडी पर नियुक्ति आदेश भेज दिए गए हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक की भर्ती के दौरान दस्तावेज सत्यापन में कुछ अभ्यर्थियों को अमान्य किया गया था। इस संबंध में अमान्य प्रकरणों के निराकरण प्रावधिक रुप से चयनित और प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समिति गठित की गई थी। इसके बाद निराकरण किया गया। इसके बाद 601 शिक्षकों को 11 और 12 मई 2022 को दोबारा दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था। ऐसे दो डिग्री और सह विषय वाले 601 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने आदेश जारी कर दिया है। उन अभ्यर्थियों को आदेश जारी किया गया है।

- एक सत्र में दो उपाधि से संबंधित प्रकरणों में निर्णय लिया गया है कि एक डिग्री स्वाध्यायी / पत्राचार / दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से और दूसरी डिग्री नियमित होने की स्थिति में मान्य की जाएगी।
- दोनों डिग्री स्वाध्यायी / पत्राचार / दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से होने की स्थिति में अभ्यर्थी की पात्रता मान्य की जाएगी।
- परीक्षा में एटीकेटी के कारण एक सत्र में दो नियमित डिग्रियां अर्जित होने की स्थिति और एटीकेटी की अंकसूची में अंकित सत्र / वर्ष के कारण हो रही है, तो ऐसे अभ्यर्थी भी पात्र होंगे।
- सह विषय तभी मान्य किए जाएंगे जब स्नातक स्तर पर क्वालीफाई विषय से डिग्री प्राप्त की हो।

## कांग्रेस ने लगाया सरकार पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

# राज्य निर्वाचन आयोग से शिकायत

**कैबिनेट की बैठक और जनता को सीधे प्रभावित करने वाले निर्णयों को लेकर कांग्रेस राज्य निर्वाचन आयोग पहुंच गई है**




**भोपाल ( यश भारत )।** पंचायत एवं नगरीय चुनाव के बीच शिवराज कैबिनेट की बैठक और जनता को सीधे प्रभावित करने वाले निर्णयों को लेकर कांग्रेस राज्य निर्वाचन आयोग पहुंच गई है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री और चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने आयोग से शिकायत की है कि सरकार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने दो चिकित्सा महाविद्यालय, 23 नई आइटीआइ, रुलर टेक्नोलाजी पार्क, सिंचाई परियोजना और नए पद सृजित करने का निर्णय लिया है। धनोपिया ने कहा कि आचार संहिता प्रभावी होने के बाद भी ऐसे निर्णय लिए जाना आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे अन्य मामलों में कांग्रेस ने सरकार और अन्य के खिलाफ शिकायत की है, पर उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इस कारण प्रदेश के भाजपा नेताओं, विधायकों, मंत्रियों और अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं। धनोपिया ने शिकायत में कहा कि कैबिनेट में लिए गए निर्णय वापस लिए जाएं। साथ ही मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## ग्वालियर के मतदान केंद्र 138 पर 68.45 प्रतिशत पुनर्मतदान

**नगर निगम चुनाव में व्यय पर्यवेक्षक रखेंगे खर्च पर नजर**

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश में पहली बार नगर निगम चुनाव के लिए व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। वित्त और वाणिज्यिक कर सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी महापौर और पार्षद पद के प्रत्याशियों के प्रतिदिन के खर्च पर नजर रखेंगे। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि पहली बार पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय की सीमा तय की गई है। अभी तक सामान्य पर्यवेक्षक ही व्यय पर नजर रखने का काम भी देखते थे लेकिन इस बार अलग व्यवस्था बनाई गई है। इंदौर और देवास नगर निगम के लिए प्रभाकर शिवहरे, ग्वालियर और मुरैना के लिए वीएस भदौरिया, भोपाल और रीवा के लिए ओपी पांडेय, उज्जैन और रतलाम के लिए सुनील मिश्रा, जबलपुर और कटनी के लिए गुलाब राव सूर्यवंशी, खंडवा और बुरहानपुर के लिए भरत कुमार, छिंदवाड़ा के लिए देवेन्द्र कुमार जैन, सागर और सतना नगर निगम के लिए सतीश गुप्ता को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ग्वालियर के मतदान केंद्र 138 पर मंगलवार को पुनर्मतदान कराया गया। 68.45 प्रतिशत मतदान मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया इसमें 64.52 प्रतिशत पुरुषऔर 72.90 प्रतिशत महिला मतदाताओंनेमतदानकिया है।

# बैरागढ़ जोन में भाजपा और कांग्रेस के युवा नेता प्रचार से गायब, निर्दलीय मचा रहे धूम

**दोनों पार्टियों के अनेक अंसतुष्ट युवा नेता निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थन मे प्रचार में जुटे हैं।**

**पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों की बढ़ी मुश्किलें।**

**बैरागढ़ जोन में भाजपा और कांग्रेस के युवा नेता प्रचार से गायब, निर्दलीय मचा रहे धूम**

**भोपाल ( यश भारत )।** नगर निगम चुनाव में बैरागढ़ जोन क्षेत्र में इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों के युवा नेता प्रचार अभियान से गायब हैं। भाजपा के युवा नेता तो खुलेआम निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के कई युवा नेता भी टिकट वितरण से असंतुष्ट होकर निर्दलीय उम्मीदवारों का काम कर रहे हैं। बैरागढ़ जोन से इस बार दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है लेकिन दोनों पार्टियों को असंतुष्ट कार्यकर्ताओं से खतरा नजर आ रहा है। वार्ड एक में भाजपा उम्मीदवार राधिका सिंह को टिकट देने का विरोध हो चुका है। मंडल के सक्रिय पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखकर कहा था कि अनारक्षित सीट से किसी स्थानीय पुरुष नेता को टिकट मिलना चाहिए। यहां से कांग्रेस ने लक्ष्मण राजपूत को टिकट दिया है। कांग्रेस विचारधारा वाले निर्दलीय उम्मीदवारों से पार्टी को खतरा नजर आ रहा है। वार्ड दो ऐसा वार्ड है जहां सबसे शांत ढंग से प्रचार हो रहा है। वार्ड तीन में भाजपा की करिश्मा मारण और कांग्रेस की रेणु मारण के बीच सीधा मुकाबला है।



**वार्ड चार में निर्दलीय मचा रहे धूम**

वार्ड चार में निर्दलीय उम्मीदवारों ने धूम मचा रखी है। कांग्रेस से टिकट न मिलने से नाराज किशोर साधवानी के साथ पार्टी के असंतुष्ट कार्यकर्ता प्रचार कर रहे हैं। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हरीश बिनवानी के साथ युवाओं की लंबी टीम है। युवा नेता भाजपा के बजाय बिनवानी के साथ नजर आ रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदूलाल इसरानी के भाई कन्हैया इसरानी भी निर्दलीय के रूप में डटे हैं। उनके साथ भाजपा के कई असंतुष्ट युवा नेता नजर आ रहे हैं। यहां से कांग्रेस ने माधु चांदवानी का मुकाबला भाजपा के राजेश हिंगोरानी से है। वार्ड पांच में भाजपा के राहुल राजपूत एवं कांग्रेस के अशोक मारण के बीच सीधा मुकाबला है। वार्ड छह से कांग्रेस की दीपा यादव व भाजपा की ज्योति यादव के बीच मुकाबला है। इस वार्ड से कोई भी निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं है।

## निर्दलीय अनेक वार्डो में बना रहे त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति

# बागियों के भंवरजाल में फंसे भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी

**सिहोरा, यशभारत। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण में 6 जुलाई को होने वाले मतदान के पहले नगर में चुनावी बिसात जम गई है। नगरपालिका चुनाव के मतदान में अब सिर्फ 7 दिन बाकी हैं। राजनीतिक दलों में शुरुआती बढ़त बनाने की होड़ लगी हुई है। इस बार भाजपा नगरपालिका पर अपना कब्जा जमाने ऐढ़ी चोटी का पसीना बहा रही है तो कांग्रेस के सामने उसे बरकरार रखने की चुनौती है लेकिन दोनों ही दलों को भितरघात का डर सता रहा है।**

वही बागियों के भवरजाल में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी फंसते नजर आ रहे है ये बागी अनेक वार्ड में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित कर रहे है।

### वार्ड 18 प्रत्याशी 80 मैदान है

चुनावी मैदान में खडे बागी प्रत्याशी राजनीतिक दलों का खेल बिगाड रहे हैं। सिहोरा नगरपालिका के 18 वार्डो से पार्षद पद पर कुल 80 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें यूं तो भाजपा से जुडे 25 और कांग्रेस से जुडे 24 लोग चुनाव लड रहे हैं, यह बागी पार्टियों का चुनावी समीकरण बिगाड़ रहे हैं। वहीं अन्य निर्दलीय भी वार्डो में जीतने के लिए एडीचोटी का जोर लगा रहे है।

### अनेक वार्डो में बन रही त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति

वार्ड 1 में भाजपा कांग्रेस के अलावा एक कांग्रेस के बागी के बीच त्रिकोणीय संघर्ष ,वार्ड 2 में भाजपा कांग्रेस के अलावा एक बागी के बीच त्रिकोणीय संघर्ष ,वार्ड 3 में भाजपा कांग्रेस के सीधे मुकाबले के बीच भाजपा के बागी के साथ एक और निर्दलीय प्रत्याशी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित कर रहे है।वहीं वार्ड 4,5,6,7,8,9 में भाजपा कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है लेकिन वार्ड 10 मे भाजपा के बागी उम्मीदवार ने भाजपा कांग्रेस का खेल बिगाडने के लिए त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित कर दी है। वार्ड 11 में कांग्रेस के एक बागी प्रत्याशी भाजपा कांग्रेस के लिए सरदर्द बनते जा रहे है ।वार्ड 12 में भाजपा कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है, वार्ड 13 में वैसे तो कांग्रेस के बागी प्रत्याशी के कारण त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन चुकी है पर एक निर्दलीय प्रत्याशी मुकाबले को चतुष्कोणी बनाने का प्रयास कर रहे है। वार्ड 14, 16,17,18 में भी भाजपा कांग्रेस का सीधा मुकाबला हो रहा है, वही वार्ड 15 में भाजपा के बागी निर्दलीय प्रत्याशी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित कर रहे है ।

### खुद भी हारेगे और पार्टी को हरवायेगें बागी

इस बार लगभग आधा दर्जन भाजपा के तथा इससे कुछ कम कांग्रेस के बागी पूरा चुनाव प्रभावित कर रहे है वे हो सकता है जीत न पाये लेकिन अपनी पार्टी को जरूर हरवाने का माद्दा रखते है। इस चुनाव में एक खास बात और देखने को मिल रही वह यह है की ऐसे भाजपा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता जो अपने आप को पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए नही थकते है उनने अपनी पार्टी से टिकट भी मांगी थी लेकिन नही मिल पाई तो वे अब अपने वार्ड में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का सहयोग करने की वजाय दुसरो का सहयोग करते नजर आ रहे है जिसकी एक बानगी एक वार्ड में देखने को मिली जहां प्रचार करने तो वो एक पार्टी का रहे है लेकिन चलते चलते कहते है जीत के बाद केक कटेगा अब आप ही समझिये की ऐसे पार्टी कार्यकर्ता किसका प्रचार कर रहे है।

### टिकट वितरण के बाद से ही झलक रहा असन्तोष

नगर पालिका चुनाव में भाजपा और कांग्रेस मे टिकट वितरण को लेकर विरोध के स्वर मुखर होते रहे नगर पालिका अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त होने के कारण दोनों ही पार्टी के दिग्गजो ने अपने राजनीतिक आकाओं का सहारा लेकर अनारक्षित बार्डो से पार्षद की टिकट हासिल कर ली जिसके चलते वार्ड के जमीनी कार्यकर्ताओं को बागी बनने विवश होना पड़ गया।

## निर्दलीय प्रत्याशी संतोष खम्परिया को मिल रहा आशिर्वाद



**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 13 पहरेवा खितौला से पार्षद पद के निर्दलीय उम्मीदवार संतोष खम्परिया जिनका चुनाव चिन्ह केमरा है उनका घर घर तुफानी जनसंपर्क चल रहा है तथा मतदाता उनको आशिर्वाद दे रहे है संतोष खम्परिया के चुनाव प्रचार से अन्य प्रत्याशियों के मांथे पर बल पड गये है उनको समझ में नही आ रहा की करे तो क्या करे पूर्व में यही से पार्षद रह चुके संतोष का मिलनसार व्यक्तित्व मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है संतोष को हर वर्ग का अच्छा खासा आशिर्वाद मिल रहा है और उन्होने वार्ड वासियों को भरोसा दिलाया की वो विकास में कोई कसर नही छोडेगे।

## सीएम शिवराज सिंह चौहान का नगरागमन कल



**जबलपुर** यशभारत।प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार 30 जून शाम को5बजे निजी विमान से नगरागमन हो रहा है।वे स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद रात्रि साढ़े आठ बजे निजी विमान से भोपाल रवाना हो जायेंगे।

## बरगी कॉलोनी में नालियों पर पेड़-पौधों ने जमाया अपना साम्राज्य

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय नगरपालिका सीमा क्षेत्र मे स्थित बरगीकॉलोनी नंबर दो की विभिन्न रोड के दोनों तरफ आनेजाने वाले मार्गो पर नालियों में बजबजाती गंदगी एवं जगहजगह पड़ा हुआ कचरा कूड़ा दान बनने की वजह से नालियों का अस्तित्व समाप्त होता दिखाई देने के साथही आसपास की अन्य नालियों से बहता गंदा पानी एवं आसपास चारों तरफ फैली गंदगी के साथसाथ नालियों में पेड़पौधों ने अपना साम्राज्य जमाने के अलावा गंदे पानी की वजह से रोड पर कीचड़ ही कीचड़ होने के कारण आमनागरिकों के साथ साथ विद्यार्थियों का रोडो पर चलना दुश्वार हो जाने के साथही सिरदर्द बन जाने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है जिसे देख कर ऐसा लगता हैकि कॉलोनी में कितनी साफसफाई हो रही है वहां पडी हुई रोडों पर बहतापानी व फैली गंदगी बजबजाती नालियां खुद स्वच्छता की कहानियां बयांकर रही हैइतना ही नहीं रोडो के दोनों तरफ के बनी हुई नालियों में बजबजाती गंदगी ही गंदगी नजर आने की वजह से रहवासियों का रहना मुश्किल हो गया है आम नागरिक एवं रहवासी फैली हुई गंदगी से काफी त्रस्त हैं फैली हुई गंदगी कचरा नगरपालिका विभाग की लापरवाही को उजागर करने के साथसाथ विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से साफसफाई व्यवस्था चौपट हो गई है क्योंकि शिक्षक कॉलोनी में मेनरोड सहित विभिन्न स्थानों पर एकत्रित गंदगी को देख कर ऐसा लगता है जैसे खुलेआम स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाई जाने के साथसाथ स्वच्छता अभियान के नाम पर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा केवल दिखावा कर स्वच्छता का झूठा गुणगान कर रहे हैं जबकि रोडो पर बहता गंदा पानी स्वच्छता की कहानी खुद बयांकर रहा है यहां पर पड़ी गंदगी को देखकर ऐसा लगता है मानो जैसे गंदगी ने वार्ड में अपना सम्राज्य कायमकर रखा हो यहां पर स्थित नालियों में बजबजाती गंदगी के कारण नाली का पानी रोडो पर बह रहा है जिसकी वजह से वार्डवासी एवं यहां पर आने जाने आमनागरिकों वालों को विभिन्न प्रकार की मुसीबतों का सामना करने के साथसाथ गंदगी से फैल रही बदबू में पनपने वाले कीटाणुओं के कारण आसपास रहनेवाले नागरिकबंधुओं को बीमारी फैलने का भय सताने लगा है अगर किसी प्रकार की कोरोना संक्रमण जैसी बीमारी फैलती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा कॉलोनीवासियों ने बतायाकि नगरपालिका में शिकायत करने के बावजूद भी मुख्यनगरपालिका अधिकारी एवं अन्य विभागीय कर्मचारी भीषण गर्मी के समय मूकदर्शक बनकर मौनधारण किए हुए हैं नागरिकों का कहना हैकि डी.के.दुबे के निवास स्थान के आसपास नालियों में भरी गंदगी की बदबू के कारण हम लोगों का रहना दुश्वार हो गया है क्योंकि यहां पर कई दिनों से ना तो झाडू लगाई गई ना ही नालियों की साफसफाई किए जाने के कारण नालियों में पेड़ पौधे होने के कारण वहां नालियों का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर आ गया है इतना ही नहीं मकानों के आसपास हर तरफ साफसफाई ना होने की वजह से गंदगी के ढेर ही ढेर नजर आते हैं जिसकी वजह से रह वासियों के अलावा आने जाने वाले आमनागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों उठाने के साथसाथ गंदगी के ढेर मैं पनपने वाले मच्छरों कीटाणुओं एवं दुर्गंध बदबू से बीमारी होने का खतरा सताने लगा है हम सभी लोग गंदगी से काफी हलाकान परेशान है अनेको बार शिकायतें की जाने के बावजूद भी फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ऐसे में कैसे भारत को स्वच्छ साफ बनाया जा सकेगा स्वच्छता अभियान का सपना आखिर कैसे साकार होने के साथसाथ ऐसी स्थिति में विभिन्न प्रकार की भीषण बीमारियों से आखिर निजात कैसे मिल पायेगी जबकि अधिकारी कर्मचारी ही आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर साफ सफाई करने का पाठ पढ़ा रहे हैं परंतु स्वयं ही इस पाठ पर अमल करना भूल गए हैं जब जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ही खुलेआम शासन की योजनाओं की धज्जियां उड़ाते हुए योजनाओं में चूना लगा रहे हैं ऐसे में कैसे जनता जनार्दन को शासन की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा वार्डवासियों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों से इस ओर ध्यान देकर गंदगी के कारण बंद पड़ी हुई नालियों की नियमित साफ सफाई कराकर समस्त बरगी नंबर दो कॉलोनीवासियों को होनेवाली परेशानियों से निजात दिलाए जाने की मांग की है।



## पेयजल के साथ आ रही काई
# शहर वासी परेशान

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में शुद्ध पीने के लिये पेयजल सप्लाई में इस समय पानी मे हरे रंग की काई का समावेश हो रहा है जिससे शहर वासी अच्छा खासा परेशान नजर आ रहे हैं तो वहीं पानी की मोनोब्लॉक पम्प सेट की जालियों में काई की मात्रा ज्यादा आने से पम्प जाम होकर पानी कम दे रहे हैं अब सवाल यह उठता है कि या तो पानी सप्लाई की टँकी साफ नहीं हो रही है या फिर नर्मदा जल सप्लाई में विसंगतियां आ रहीं हैं।नगर में पीने के पानी को भी अनदेखा कर सप्लाई किया जा रहा है जिससे नगर की जनता के घरों में काई मिश्रित पानी आ रहा है।उल्लेखनीय है कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है ऐसे में नगर को पानी पिलाने वाले विभाग को इस काई की सफाई के लिये निरन्तर पानी की सप्लाई वाली टँकी की देखरेख करना चाहिये।जिससे नगरवासियों को साफ और स्वच्छ पेयजल पीने के लिये सुलभ हो ।जबकि शहरवासियों को पेयजल सप्लाई करने दर्जनों कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे है परन्तु इस काई की तरफ किसी का ध्यान भी नहीं जा रहा है ऐसा नहीं है कि यह समस्या आज ही कि है यह तो 1 माह से अनवरत जारी है जब पानी की मोनोब्लॉक पम्प सेट कम पानी देने लगता है तो नागरिक मोटर साफ करते हैं तब पता चलता है कि पानी मे हरे रंग की काई आने से यह मोटर कम पानी दे रही है जबकि बगैर मोटर के पानी मे भी कई जगह काई आने की शिकायत प्राप्त हुई हैं सम्बन्धित विभाग से साफ और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की नगर वासियों ने अपेक्षा की है मांग भी की गई है कि पेयजल सप्लाई वाली टँकी की सही समय पर साफ सफाई भी विभाग की कराना आवश्यक है शासन ध्यान दे।

# सांसद,जिलाध्यक्ष के सामने अनेक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**सिहोरा, यशभारत।** नगर निकाय चुनाव के बीच में जो लोग भटक गये थे ऐसे लोग जो पहले दुसरी पार्टियो से जुडे से या भाजपा से नाराज चल रहे थे । ऐसे लोगों की भाजपा में आने के लिए लाइन लगी है और उनको शायद भारतीय जनता पार्टी में अपना भविष्य उज्वल नजर आ रहा है तभी तो लोग पार्टी के मुख्य धारा से जुड रहे है । गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के संभागीय कार्यालय में सांसद राकेश सिंह,ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, पाठय पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे,पनागर विधायक इंदू तिवारी की उपस्थिति में पनागर विधानसभा के अजीत जैन,रामनिवास गौतम,संतोष सैनी,धनेश पटेल, संतोष उसरेठे,महेन्द्र जैन,राजेश सेंगर सहित दर्जनो लोगों को



पार्टी का गमझा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई । सांसद राकेश सिंह ने कहा की भाजपा ही ऐसी विश्व की सबसे बडी पार्टी है जो सबको साथ में लेकर चलती है । जबलपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी में ही सभी का सम्मान बरकरार रहता है और सभी को साथ में लेकर चलने वाली पार्टी की प्रदेश और केन्द्र में सरकार होने से हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नपा सी एम ओ की तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरे सफाई कर्मी



**गाडरवारा( यश भारत )।** नगरपालिका परिषद में इन दिनों जमकर चर्चाओं में है नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ताजा मामला सामने आया जब सैकडा भर से अधिक सफाई कर्मियों ने सडक पर उतारकर जमकर नारेबाजी करते हुए एस डी एम के पास पहुँचे जहाँ उन्होंने ज्ञापन देकर अपनी आप बीती एवं पीढ़ा अनुविभागीय अधिकारी के सामने प्रस्तुत की ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हम सफाईकर्मी वर्षो से लगातार कार्य करते चले आरहे है व हम पूरी निष्ठा से कार्य करते है व उसके बावजूद नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी अधिकतर कर्मियों से अभद्र भाषा का उपयोग कर बात करती है व उनके द्वारा आज 1 दर्जन से अधिक अलग-अलग वार्डो में सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को बिना कोई नोटिस के काम से बंद करने का आदेश नपा के स्वास्थ्य शाखा के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया जिससे सफाई कर्मियों आक्रोश व्याप्त है और सभी पीडित कर्मियों का कहना है इस प्रकार का अभद्र व अन्याय पूर्ण व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे इसी के साथ सफाईकर्मियों ने सामूहिक रूप से कहा कि

### एस डी एम को सौपा ज्ञापन

व्यवहार में सुधार न होने पर हम पूर्णत: काम बंद कर देंगे इसकी सम्पूर्ण जबाबदारी गाडरवारा मुख्य नपा अधिकारी की होगी जिन सफाई कर्मियों को आज कार्य से अलग किया है वह संजय बाल्मीक, चुरामन बाल्मीक, अजय बाल्मीक, सीमा बरेले, धर्मेंद्र बाल्मीकि लेखराम बाल्मीक,अरुण,दीपक,मनोज बाल्मीक,योगेश, तरुण,तीरथ बाल्मीक व अन्य है इस अवसर पर सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष मनीष बाल्मीक टीकम खडेतिया देवीराम गौहर प्रशांत घारू जगदीश बाल्मीक मदन बाल्मीक विशन बाल्मीक मुन्नी बाई आशा बाई सपना बाई कुब्जा बाई देवकी बाई कुसुम बाई सहित बडी संख्या में सफाई कर्मी उपस्थित रहे अनुविभागीय अधिकारी द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कोई कार्यवाही ईमानदारी से कार्य करने वाले व्यक्ति पर नही की जाएगी व सभी से अच्छा व्यवहार होगा।

## कीटनाशक व पोषक तत्वों के मिश्रण वाला दुनिया का पहला उत्पाद इमारा

**भोपाल, यशभारत।** स्थानीय कृषि बाजार में सल्फर मिल्स लिमिटेड द्वारा अपना नया पेटेंटेड उत्पाद इमारा उपलब्ध कराया गया है। इमारा विश्व का पहला कीटनाशक और पोषक तत्वों का मिश्रण वाला उत्पाद है। फोर्मुलेशन . इमारा में कीटनाशक के साथ साथ पोषक तत्व ;सल्फर 70: और जिंक ऑक्साईड 13: उपलब्ध कराये गये हैं। सल्फर मिल्स लिमिटेड ;एसएमएल के प्रबंध निर्देशक बिमल शाह ने संवाददाताओं से मध्य प्रदेश में मुलाकात के दौरान बताया की धान की फसल का 20 से 70 प्रतिशत नुकसान येलो स्टेम बोरर ;पीला तना छेदक की वजह से होता है। एसएमएल के मुंबई स्थित अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र में विकसित . इमारा तना छेदक कि रोकथाम और नियंत्रण हेतु उत्तम कार्यक्षमता वाला उत्पाद हैं। इमारा किसानों के फसल का पोषण और फसल की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बनाया है। इमारा एक नई संकल्पना है, जिसे दुनिया में पहली बार सल्फर मिल्स लिमिटेड द्वारा पेश किया गया है। उपयोग में सरल इमारा का छिड़काव 4 किलोग्राम प्रति एकर की मात्रा में धान के प्रतिरोपण के 15 से 20 दिन में अथवा धान कि सीधी बुवाई के 25 से 30 दिन में करना जरुरी है। तना छेदक की रोकथाम को सुनिश्चित करने के साथ साथ फसल की प्रतिरोधक क्षमता में बढोतरी की जा सक्ती है। श्इमारा श् मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बनाते हुए बेहतर उपज का नियोजन करने में भी लाभदायक पाया गया हैं। जिस वजह से धान की फसल कि बेहतर गुंणवत्ता के साथ साथ ज्यादा पैदावार भी मिलती है।




### जबलपुर से चांदाफोर्ट त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन की समय सारिणी में परिवर्तन

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाडी संख्या 22174 जबलपुर-चांदाफोर्ट त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन की सेवा दिनांक 30.06.2022 से आगामी सूचना तक के लिये पुन: बहाल की जा रही है। जिसकी समय सारिणी में परिवर्तन किया गया है । पहले इस ट्रेन का जबलपुर से प्रस्थान समय प्रात: 05:45 बजे घोषित किया गया था, जिसे अब परवर्तित करके प्रात: 05:15 बजे किया गया है। अन्य स्टेशनों पर परवर्तित समय सारिणी की जानकारी निम्न है । गाडी संख्या 22174 जबलपुर से चांदाफोर्ट प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शुक्रवार त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन दिनांक 30.06.2022 से अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 05:15 बजे प्रस्थान कर मदनमहल 05:23 बजे, नैनपुर 07:45 बजे, बालाघाट 08:55 बजे, गोंदिया 09:40 बजे पहुँचकर 13:45 बजे चांदाफोर्ट स्टेशन पहुँचेगी। वापसी में गाडी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया पूर्व में जारी समय सारिणी के अनुसार ही चलेगी ।

# पमरे भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय का सराहनीय आयोजन





**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय, जबलपुर द्वारा वर्ष 2021-22 में राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं लीडरों ने अपनी सहभागिता को निभाते हुए आयोजनों को सफल बनाया है । इस दौरान भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय के साथ साथ जबलपुर, भोपाल एवं कोटा ने भी बराबरी से जिम्मेदारी को निभाया है। भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रपति टेस्टिंग कैंप, स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार, राज्य कार्यकारिणी बैठक, राज्य रैली, प्रशिक्षण कोर्स, यूनीट लीडर्स रिफ्रेशर कोर्स और राज्य स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव जैसे सभी आयोजनों को प्रमुखता से पूर्ण किया गया। पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय, जबलपुर द्वारा वर्ष 2021-22 में आयोजित कार्यकर्मों की प्रमुख झलकियां इस प्रकार है।

### स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार

11.07.2021 को राज्य मुख्यालय, जबलपुर द्वारा जिला स्काउट डेन, जबलपुर में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें तीनों जिला संघों के लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया। केन्द्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर नाजिया एवं डायटिसियन श्रीमती मिश्रा ने दवाइयों के सेवन एवं खान पान से संबंधित जानकारिया दी।

### राज्य कार्यकारिणी बैठक

12.07.2021 को राज्य मुख्यालय, जबलपुर में राज्य मुख्य आयुक्त महोदय के अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### चतुर्थ राज्य रैली

08.09.2021 से 12.09.2021 आरपीएफ बैरिक ग्राउंड, कोटा में चतुर्थ राज्य रैली का आयोजन किया गया जिसमें तीनों मंडलों के लगभग 250 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर्स ने भाग लिया। रैली के ग्रैंड कैंप फायर महाप्रबंधक, पमरे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### आपदा प्रशिक्षण कोर्स

26.11.2021 से 28.11.2021 तक जिला स्काउट डेन, जबलपुर में आपदा प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें तीनों मंडलों से लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया।

### यूनीट लीडर्स रिफ्रेशर कोर्स

06.01.2022 से 08.01.2022 तक जिला स्काउट डेन, जबलपुर में युनीट लीडर्स रिफ्रशर कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें तीनों मंडलों से लगभग 45 युनीट लीडर ने भाग लिया ।कोर्स का संचालन श्री आर.के तिवारी, लीडर ट्रेनर रोवर के द्वारा किया गया।

### राज्य स्तरीय राष्ट्रपति टेस्टिंग कैंप

06.01.2022 से 08.01.2022 तक जिला स्काउट डेन में राज्य स्तरीय राष्ट्रपति टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर मंडल के तीन सदस्यों ने भाग लिया।

### राज्य स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव

24.03.2022 से 26.03.2022 तक जिला स्काउट डेन, जबलपुर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए राज्य स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया गया महोत्सव का ग्रैंड कैंप फायर महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। शिविर में लगभग तीनों मंडलों से लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया।

## जबलपुर कलेक्टर जब रात में पहुंचे सिहोरा अस्पताल

**कहा मरीजों को बेहतर इलाज मिले इसके प्रयास करना चाहिए**

**.जबलपुर ,यशभारत।** कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने मंगलवार की रात करीब 9 बजे सिहोरा पहुँचकर सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया । इस मौके पर उन्होंने डीएमएफ मद से सिविल अस्पताल के चाइल्ड वार्ड, लेबर रूम और आकस्मिक चिकित्सा कक्ष के उन्नयन एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार के किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया । डॉ इलैयाराजा ने सिविल अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई । उन्होंने अस्पताल को साफ-सुथरा रखने के लिये अभियान चलाने पर भी जोर दिया । जिला पंचायत की सीईओ डॉ सलोनी सिडाना, एसडीएम सिहोरा आशीष पांडे भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे ।

## प्लेटफार्म नम्बर 3 पर पडी अस्तव्यस्त कुर्सियां



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के रेलवे स्टेशन श्रीधाम के प्लेटफार्म नम्बर 3 पर यात्रियों की सुविधा के लिये लगी कुर्सियां भी अस्तव्यस्त हालत में कई महीनों से पडी है।ऐसा नही है कि यहां कार्यरत रेलवे के कर्मचारियों को इसकी भनक ना हो परन्तु अच्छी पगार मिलने के बाद भी उक्त कार्यरत कर्मचारी अपने कर्तव्यों को ठीक ढंग से अंजाम नहीं दे पाते हैं अधिकारी तो ऐसे है जिनकी निगाह इस ओर पडती ही नही हैं कुछ यात्रियों ने उक्त कुर्सी को पत्थर बगैरग लगा के व्यवस्थित तरीके से जमा भी दिया तो बस दो तीन दिन बाद यह कुर्सी फिर पुरानी हालत में आ जाती है जब तक रेल विभाग के कर्मचारी उक्त कुर्सी को तरीके से नहीं जाएंगे तब तक वह व्यवस्थित नहीं हो पाएगी।सम्बन्धित विभाग ध्यान दे।

# आयरलैंड से हारते-हारते बची टीम इंडिया

### दीपक हुड्डा का शतक हो जाता बेकार, भुवनेश्वर ने पलटा मैच

**डबलिन, एजेंसी।** आईसीसी रैंकिंग में भारतीय टीम पहले स्थान पर है। आयरलैंड 14वें नंबर पर है। जाहिर है कि दोनों टीमों के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। डबलिन में मंगलवार (28 जून) को दो टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में जब टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन बनाए तो सबने भारतीय टीम की जीत पक्की मान ली थी। किसी ने सोचा नहीं था कि अपेक्षाकृत कमजोर आयरलैंड की टीम भारत को टक्कर दे पाएगी। 14वें नंबर की इस टीम ने सबको गलत साबित कर दिया। उसने न सिर्फ 200 से ज्यादा रन बनाए बल्कि जीत से सिर्फ चार रन ही दूर रहा। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत के नए कप्तान हार्दिक पांड्या के माथे पर पसीने ला दिए। इस सीरीज में पहली बार कप्तानी कर रहे हार्दिक को यह मालूम होना चाहिए था कि रन बचाने में टीम इंडिया कमजोर है। पिछले दो साल में 25 बार उसने पहले बल्लेबाजी की और 14 मैचों में हार मिली। इतना ही नहीं, पिछले सात मैचों में यह दूसरा मौका है जब विपक्षी टीम ने भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 200 से ज्यादा रन बना लिए हो। भारत ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 225 रन बनाए। दीपक हुड्डा ने करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 104 रनों की पारी खेली। संजू सैमसन ने 77 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 221 रन बना दिए। वह सिर्फ चार रन से मैच हारा। टी20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 से ज्यादा रन बनाने वाली टीम अगर चाररन से ही मैच जीत पाए तो उसकी गेंदबाजी कमजोर ही मानी जाएगी। 220 रन से ज्यादा बनाने के बाद जीत का यह अंतर दूसरे स्थान पर है। इससे पहले 2016 में वेस्टइंडीज की टीम 220 रन से ज्यादा बनाने के बाद भारत के खिलाफ सिर्फ एक रन से मैच जीत पाई थी। भुवनेश्वर का आखिरी ओवर आयरलैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 38 रन बनाने थे। हैरी टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे। टीम इंडिया के सभी गेंदबाज महंगे साबित हो रहे थे। ऐसे में लग रहा था कि आयरलैंड की टीम उलटफेर कर देगी। कप्तान हार्दिक ने रणनीति में बदलाव किया और अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर को 18वें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया। यह उनका आखिरी ओवर (चौथा ओवर) था। भुवनेश्वर तीन ओवर में 39 रन लुटा चुके थे। हार्दिक का यह दांव गलत भी साबित हो सकता था। भुवनेश्वर की पहली गेंद वाइड हुई। अगली गेंद पर उन्होंने यॉर्कर डाला और टेक्टर उसे बाउंड्री के बाहर भेजना चाहते थे। उन्होंने लंबा शॉट लगाया, लेकिन बाउंड्री पर दीपक हुड्डा के हाथों लपके गए। आयरलैंड की सबसे मजबूत साझेदारी टूट गई। भुवनेश्वर ने ओवर में सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट अपने नाम किया। यहां से टीम इंडिया को वापसी का मौका मिल गया।

### कब सुधरेगी गेंदबाजी? | पिछले सात मैचों में दूसरी बार भारत ने दूसरी पारी में 200 से ज्यादा लुटाए




**2020 से टी20 में टीम इंडिया का प्रदर्शन**

| पहले बल्लेबाजी | | रन चेज | |
|---|---|---|---|
| मैच | 25 | मैच | 14 |
| जीत | 14 | जीत | 13 |
| हार | 08 | हार | 01 |
| टाई | 02 | टाई | 00 |

### मैच में टर्निंग पॉइंट

### भारत के लिए मैच में क्या सही हुआ?

दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने 87 गेंद पर 176 रनों की साझेदारी की। रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल की तिकड़ी के नहीं होने का फायदा इनदोनों ने उठाया और टीम इंडिया को एक मजबूत विकल्प दिया। अब तीन बड़े खिलाड़ियों की वापसी के बाद इन दोनों को बाहर करना आसान नहीं होगा। गेंदबाजी में अक्षर पटेल ने सिर्फ कम रन दिए। उन्होंने दो ओवर में 12 रन ही दिए। बाकी गेंदबाजों ने नौ से ज्यादा की इकोनॉमी से रन लुटाए।

### भारत के लिए क्या अच्छा नहीं हुआ?

दीपक हुड्डा ने जरूर शतक लगाया, लेकिन अंत में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की। इसका नुकसान टीम इंडिया को हो सकता था। हुड्डा ने शुरुआती 91 रन 45 गेंद में बना लिए थे। उसके बाद 100 रन तक पहुंचने में उन्हें 10 गेंद लग गए। ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और दिनेश कार्तिक बल्ले से नाकाम रहे। हार्दिक ने नौ गेंदों का सामना किया, लेकिन 13 रन ही बना सके। गेंदबाजी में अक्षर को छोड़कर सबने रन लुटाए।




## ताज ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

**आगरा, एजेंसी।** आगरा ताज ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में यूपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड की टीम उपविजेता बनी। आर्मी की टीम तीसरे, मध्य प्रदेश की टीम चौथे और राजस्थान की टीम पांचवें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों के 500 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# कोशिश के लिए तुम्हें A ग्रेड मिलेगा बेबी


lyfame.com

### शकीरा के साथ निक का बेली डांस देख अपनी हंसी नहीं रोक पाई प्रियंका





**मुंबई, एजेंसी।** प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर ही अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने एक वीडियो अपनी स्टोरी में शेयर किया है, जिसमें उनके पति निक जोनस नजर आ रहे हैं। निक का यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देख प्रियंका भी अपनी हंसी नहीं रोक पाई और वीडियो शेयर करते हुए निक के लिए एक मैसेज भी लिख दिया। दरअसल, सोशल मीडिया पर निक ने अपना एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वह शकीरा के साथ बेली डांस कर रहे हैं। पॉप स्टार शकीरा ने निक को बेली रोल स्टेप करने की चुनौती दी है, जिस पर निक इसे स्वीकार कर लेते हैं। वीडियो में शकीरा निक जोनस को कुछ स्टेप्स सिखाने की कोशिश करती हैं। निक शकीरा को कॉपी भी करते हैं, लेकिन वह इसमें विफल रहते हैं। निक जोनस कहते हैं कि देखो मेरा शरीर यह नहीं कर रहा है। इस पर वहां शो में मौजूद सभी लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाते। निक ने इस वीडियो को में शकीरा कह रही हैं कि वो निक के डांस को देखने के लिए पैसे भी देने के लिए तैयार हैं। निक का यह वीडियो इतना फनी है कि कोई भी अपनी हंसी नहीं रोक पा रहा है। वहीं, इसे प्रियंका ने अपनी स्टोरी में हंसने और हार्ट इमोजी के साथ शेयर कर लिखा, तुम्हारी कोशिश के लिए तुम्हें ग्रेड मिलेगा बेबी।

## रिलीज हुआ शमशेरा का गाना, सिनेमाघरों से 75 दिन बाद हुई 'रॉकी भाई' की विदाई



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सूर्या को प्रतिष्ठित एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें कि वह पहले तमिल या दक्षिण भारतीय अभिनेता हैं जिन्हें ऑस्कर्स में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया है।

गांवों की मिट्टी की बनी चौड़ी चौड़ी बेढंग दीवारें हैं। जवां रणबीर कपूर का जोश है। पीला रंग सितारा है। कत्थई रंग भी खूब उतारा है और इस रंग बिरंगी पटिया (पैलेट) के जरिए सामने आया है यशराज फिल्म्स की पिक्चर 'शमशेरा' का पहला गाना 'जी हुजूर

## मैच के दौरान बेहोशी की हालत में पहुंचा बॉल ब्वाय, फिर महिला खिलाड़ी ने जीता दिल

**लंदन, एजेंसी।** विंबल्डन ओपन 2022 में ब्रिटेन की टेनिस खिलाड़ी जोडी बुराग को पहले दौर में ही हारकर बाहर होना पड़ा, लेकिन उन्होंने सिर्फ एक मैच में ही सभी का दिल जीत लिया। वो अब लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। विंबल्डन ओपन के पहले दौर में जोडी का सामना लेसिया से था। इस मैच के दौरान एक बॉल ब्वाय लगभग बेहोश हो गया था। यह देखकर जोडी ने अपना मैच रोक दिया और उस लड़के के पास पहुंची। उन्होंने इसे कैन्डी और एनर्जी जेल भी दिया। इसके बाद उस लड़के को कोर्ट से बाहर ले जाया गया। हालांकि, बाद में जोडी को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने सभी का दिल जीत लिया। मैच के बाद जोडी ने बताया उसने कहा कि वह बेहोश होने जैसा महसूस कर रहा है। वह वाकई में ठीक से बात नहीं कर पा रहा था। यह देखना थोड़ा परेशान करने वाला था। इसके बाद उन्होंने कहा मैंने उसे कुछ सुगर देने की कोशिश की। उसे एक गैटारोड और जेल दिया, जेल वहां पर सही चीज नहीं था।

# पुष्पा पार्ट -2





### खत्म हुआ इंतजार!

### इस दिन आएगा पुष्पा का दूसरा भाग, ऐसी होगी फिल्म की कहानी!

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले साल रिलीज हुई फिल्म पुष्पा द राइज ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। साउथ अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म को न केवल दक्षिण में बल्कि हिंदी बेल्ट में भी काफी पसंद किया गया था। इसके गानों और डायलॉग्स ने भी दर्शकों को हैरान कर दिया था। नतीजतन फिल्म इतनी लोकप्रिय हुई कि दर्शकों को अब इसके दूसरे भाग पुष्पा 2- द रूल का बेसब्री से इंतजार है। अगर आप भी पुष्पा 2 का इंतजार कर रहे हैं तो यह रिपोर्ट आपके लिए काफी मददगार साबित होने वाली है। क्योंकि इस रिपोर्ट में हम फिल्म के रिलीज डेट से लेकर इसकी शूटिंग तक की हर जानकारी देने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन की फिल्म अब अगस्त तक फ्लोर पर जाएगी। इस 6 महीने से अधिक के शेड्यूल में कई एक्शन दृश्यों की शूटिंग की जाएगी। कहा जा रहा है कि ये एक्शन सीक्वेंस भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे महंगे दृश्यों में से एक होंगे। इसके बाद पोस्ट प्रोडक्शन पर काम किया जाएगा। यानी फिल्म के अब 2023 के मिड में रिलीज होने की उम्मीद है।

### पार्ट 2 में होगी इस साउथ अभिनेता की एंट्री?

खबरें आ रही हैं कि अल्लू अर्जुन ने अपने करीबी सलाहकारों और साथियों को भाषा समझने के लिए तमिलनाडु की सीमा और चित्तूर के पास एक ग्रामीण इलाके में भेजा है। दूसरे भाग में अल्लू अर्जुन द्वारा निभाए गए किरदार पुष्पा की फहद फासिल द्वारा निभाए गए किरदार बनवार सिंह शेखावत से टक्कर होने वाली है। अगर मीडिया और फिल्म उद्योग में चल रही चर्चा पर विश्वास किया जाए, तो सुकुमार तमिल अभिनेता विजय सेतुपति को अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 में कास्ट कर सकते हैं। पहले भाग में, पुष्पा की भूमिका में अल्लू अर्जुन और श्रीवल्ली की भूमिका में रश्मिका मंदाना ने प्रशंसकों को अपने अभिनय से काफी प्रभावित किया था। दर्शकों को उम्मीद थी कि फिल्म के दूसरे पार्ट में दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई जाएगी। लेकिन, रिपोर्ट्स की मानें तो दूसरे पार्ट में श्रीवल्ली के किरदार को कम सीन दिए गए हैं। इतना ही नहीं पुष्पा पार्ट 2 में श्रीवल्ली की मौत हो जाएगी। फिल्म में खलनायक (फहद फासिल) को श्रीवल्ली को मारते हुए दिखाया जाएगा।



## पति चहल के साथ डबलिन की सैर पर निकलीं धनश्री



### साथ में दिखे हार्दिक और हुड्डा

**डबलिन, यशभारत।** भारत और आयरलैंड के बीच डबलिन में दो मैचों की टी-20 सीरीज खेली गई। टीम इंडिया ने दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम की। पहले टी-20 के बाद कुछ भारतीय खिलाड़ी डबलिन की सैर पर निकले। इन खिलाड़ियों में युजवेंद्र चहल, दीपक हुड्डा और कप्तान हार्दिक पांड्या शामिल हैं। चहल के साथ उनकी पत्नी धनश्री भी डबलिन पहुंची हैं। इस दौरान तीनों के साथ धनश्री भी थीं। धनश्री ने ही इसकी तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा-आयरिश संस्कृति को जानने के लिए घूमने निकले हैं।धनश्री इससे पहले भारत-आयरलैंड के बीच पहले टी-20 मैच को देखने डबलिन के द विलेज ग्राउंड पहुंची थीं। उन्होंने



स्टेडियम से तस्वीरें भी शेयर की थीं। भारत ने पहला टी-20 सात विकेट से जीता था।

बारिश की वजह से मैच 12-12 ओवर का हुआ था। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 12 ओवर में चार विकेट गंवाकर 108 रन बनाए थे। जवाब में टीम इंडिया ने 9.2 ओवर में तीन विकेट पर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया था। दीपक हुड्डा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 47 रन बनाए थे। वहीं, दूसरे टी-20 को भारत ने चार रन से जीता।

हालांकि, चहल को पहले टी-20 में इकोनॉमीकल स्पेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। वहीं, दूसरे मैच में शतक लगाने वाले दीपक हुड्डा प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। धनश्री इससे पहले लंदन भी पहुंचीं थीं और वहां से तस्वीरें भी शेयर की थीं। आयरलैंड के लिए निकलने से पहले धनश्री ने इंस्टाग्राम पर फैन्स से गेस करने के लिए भी कहा था कि वह कहां जा रही हैं।

हालांकि, बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को बाहर घूमने को लेकर सख्त हिदायत दी है। रोहित शर्मा के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद बोर्ड ने खिलाड़ियों से कम से कम घूमने के लिए कहा है और सावधानी बरतने के लिए कहा है। ऐसे में चहल, हार्दिक का बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है।आयरलैंड दौरे के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर भी जाएगी। बर्मिंघम में पहले से भारतीय टेस्ट टीम मौजूद है, जिन्हें एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना है। इसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीन-तीन मैचों की टी-20 और वनडे सीरीज भी खेलेगी। उससे पहले भारत की टी-20 टीम को दो काउंटी टीम के खिलाफ टी-20 प्रैक्टिस मैच भी खेलना है। टेस्ट शुरू होने की वजह से आयरलैंड दौरे पर मौजूद टीम ही प्रैक्टिस मैच खेल सकती है। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच सात जुलाई को खेला जाएगा।